डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | 19 मार्च 2026 | वर्ष-32, अंक-152, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 30/शुक्ल पक्ष 01, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com ₹2.00



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं

## चैत्र नवरात्र
## प्रथम शैलपुत्री



**शैलपुत्री : या देवी सर्वभूतेषु मां शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।।**

नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं। इनका वाहन वृषभ है। मां शैलपुत्री के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं में कमल है। इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता और सौभाग्य आता है।

**ध्यान मंत्र**

वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।

**अर्थ**

मैं मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए मां शैलपुत्री का ध्यान करता/करती हूं, जिनके मस्तक पर अर्धचंद्र सुशोभित है, जो वृषभ पर विराजमान हैं और त्रिशूल धारण करती हैं।

## सीएम सोरेन ने विस अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को भेंट की 'झारखंड राइजिंग : ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक

- **संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी भेंट की यह किताब**

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में सत्र के भोजनावकाश के दौरान शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को राज्य सरकार की ओर से प्रकाशित 'झारखंड राइजिंग : ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक और एक कॉफी टेबल बुक भेंट की। इस पुस्तक में जनवरी माह में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के दावोस और लंदन (इंग्लैंड) दौरे का विस्तृत विवरण शामिल है। वहीं, कॉफी टेबल बुक में राज्य सरकार के विकासात्मक कार्यों की समग्र जानकारी प्रस्तुत की गई है।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को भी 'झारखंड राइजिंग : ए ग्लोबल स्टोरी' पुस्तक और कॉफी टेबल बुक भेंट की।

## मंडल डैम विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर सांसद ने वन विभाग के अधिकारियों से की मुलाकात

- **फॉरेस्ट एडवाइजरी कमेटी की 24 मार्च की बैठक में पुनर्वास पर निर्णय की संभावना**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में भारत सरकार के वन विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक संतोष तिवारी से मुलाकात कर उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना से जुड़े विस्थापित परिवारों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया।
सांसद ने बताया कि परियोजना से प्रभावित सात गांवों के परिवारों को पलामू व्याघ्र परियोजना के तहत गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पीएफ की लगभग 393.23 हेक्टेयर वन भूमि में पुनर्वासित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है।

शेष पेज 11 पर...

### विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने भविष्य की योजनाओं की जानकारी, कहा-

# वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड अब देश में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का 17वें दिन बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच बताते हुए राज्य की प्रगति, योजनाओं और भविष्य की दिशा पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य का बजट 86 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए हो गया है, जो करीब 85 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने बताया कि वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड अब देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना का दायरा बढ़ाकर 36 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया है। मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। महिलाओं और बच्चियों के लिए इस वर्ष 34 हजार करोड़ रुपए शेष पेज 11 पर...



**बोले सीएम**

- **महिला और वंचित युवाओं के लिए सरकार शुरू करेगी मंईयां बलवान और उद्यमी योजना**
- **सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना का दायरा 36 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा**

**सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खुलेंगे 100 नए स्कूल**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए जा चुके हैं और 100 नए स्कूल खोले जाएंगे। चतरा में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। इसके अलावा, नए डिग्री कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की योजना है। विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रों को स्कॉलरशिप भी दी जाएगी।

## झारखंड में 'वीबी-जी राम-जी' नहीं, 'मनरेगा' ही रहेगा नाम

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को 'मनरेगा' को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई। साथ ही, मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का शेष पेज 11 पर...

## झारखंड विस में गूंजा राशन डीलरों का कमीशन और आउटसोर्सिंग घोटाले का मुद्दा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली (ट्रांसपोर्टेशन/डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) के तहत मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलने वाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपए का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गंभीर है और व्यवस्था को बेहतर शेष पेज 11 पर...

## राज्य में 80 प्रतिशत धान की खरीद पूरी हो चुकी है : मंत्री

- **विधानसभा में उठा धान खरीद, पीडीएस और मुआवजा भुगतान का मुद्दा**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को सदन में धान खरीद, पीडीएस व्यवस्था और मुआवजा भुगतान जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। विभिन्न विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं, जिस पर संबंधित मंत्रियों ने सरकार का पक्ष रखते हुए जवाब दिया। गढ़वा जिले में धान खरीद को लेकर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि अब तक 50 प्रतिशत भी खरीद पूरी नहीं हो पाई है और किसानों से धान खरीद के दौरान बायोमेट्रिक सत्यापन भी नहीं किया जा रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दावा किया कि गढ़वा में लक्ष्य से अधिक धान की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दो लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले 2.5 लाख क्विंटल धान की खरीद की गई है और किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।
मंत्री इरफान अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 80 प्रतिशत धान की खरीद पूरी हो चुकी है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें सदन की कार्यवाही को बेहतर समझने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्र में किसान कम और नेता ज्यादा हैं। पीडीएस दुकानदारों के कमीशन को लेकर विधायक अमित यादव के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि दुकानदारों को प्रति किलो 1.50 रुपए का कमीशन दिया जाता है। इसके अतिरिक्त चीनी, नमक, केरोसिन तेल, चना दाल, धोती और साड़ी पर एक रुपये प्रति यूनिट का कमीशन निर्धारित है। उन्होंने कहा कि दुकानों में इस्तेमाल होने वाले बटखरों का सत्यापन हर दो वर्ष में किया जाता है और भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन लगाने की योजना भी है।वहीं, विधायक मथुरा महतो ने ओरमांझी क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत मुआवजा भुगतान में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने स्पष्ट किया कि केवल एक नोटिस के आधार पर किसी रैयत का दावा खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने चार करोड़ रुपए के भुगतान के मामले में उपायुक्त (डीसी) को वंशावली की पुनः जांच कराने और यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सदन में इन मुद्दों को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली, जबकि मंत्रियों ने सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।




| इफ्तार | सेहरी |
| --- | --- |
| 6 : 08 | 4 : 39 |
| 19 मार्च | 20 मार्च |

## हाईकोर्ट ने पर्यटन सचिव और रामगढ़ डीसी को किया तलब

- **मां छिन्नमस्तिका मंदिर के सौंदर्यीकरण मामले में दायर अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 25 मार्च को**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रामगढ़ के प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिके मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मामले में दायर अवमानना याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश के अनुपालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष रामगढ़ के उपायुक्त (डीसी) पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि निर्देशों के तहत कुछ कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि कुछ कार्य अभी शेष हैं। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर परिसर में करीब आठ चेंजिंग रूम बनाए गए हैं और आसपास स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है। साथ ही, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कुछ कंपनियों के साथ एमओयू भी किया गया है। हालांकि, अदालत ने कार्यों को संतोषजनक नहीं मानते हुए अगली सुनवाई में पर्यटन सचिव और रामगढ़ डीसी दोनों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश के अनुपालन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च 2026 को निर्धारित की गई है। खंडपीठ ने रामगढ़ डीसी को मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही, नदी तट पर रेड जोन बनाकर घेराबंदी करने को कहा, ताकि डूबने की घटनाओं को रोका जा सके। प्रार्थी संजीव कुमार की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने अदालत को बताया कि पूर्व आदेश का पूर्ण पालन नहीं हुआ है।

## खूंटी में एक लाख के इनामी पीएलएफआई एरिया कमांडर हाबिल ने किया आत्मसमर्पण

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर एक लाख के इनामी हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडा (30 वर्ष) ने बुधवार को खूंटी एसपी कार्यालय में जिले की उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर उपायुक्त ने गुलदस्ता देकर उसका स्वागत किया। इस दौरान उपायुक्त ने उसे एक लाख रुपए के चेक का प्रतीकात्मक स्वरूप भेंट किया। प्रफुल्ल मुंडा के खिलाफ विभिन्न थानों में 22 मामले दर्ज हैं। सरकार की ओर से प्रफुल्ल के खिलाफ एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मौके पर उसकी पत्नी रंदाय कंडीर अपने पांच माह के पुत्र निलेश मुंडू के साथ मौजूद थी। मौके पर उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के पुनर्वास की जिम्मेदारी जिला प्रशासन उठाएगा।

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

## आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** थाना क्षेत्र के पदमा पंचायत अंतर्गत अमवा टोली गांव में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार सूरज कुमार (8 वर्ष), पिता उमेश कुमार, अपने घर से पास के एक किराना दुकान में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान पदमा की ओर से तेज गति से आ रही एक कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल बालक को तत्काल इलाज के लिए रांची के रिम्स शेष पेज 11 पर...



## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के मुरमुसी मोड़ के पास बुधवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्वजीत सोनी उर्फ सूरज सोनी (26 वर्ष), पिता विनोद प्रसाद सोनी, निवासी मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र, जिला पलामू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वजीत सोनी सड़क किनारे टहल रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल शेष पेज 11 पर...

**एक नजर**

## ड्यूटी के दौरान जवान ने खुद को मारी गोली

**चतरा/सिमरिया।** जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।



बताया जाता है कि मंगलवार रात करीब 10 बजे सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित शिला पिकेट में तैनात जवान प्रहलाद सिंह ने अपनी ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जवान देवघर जिले का निवासी बताया जा रहा है तथा वह एसएसबी की 35वीं बटालियन में कार्यरत था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के समय वह ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान उसने अचानक आत्मघाती कदम उठा लिया। शेष पेज 11 पर...

### केतार का चतुर्भुजी मंदिर बना आस्था का संगम

# चैत्र नवरात्र में कई राज्यों से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बिट्टू सिंह**

**केतार (गढ़वा)।** जिले के केतार प्रखंड स्थित प्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर इन दिनों आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित यह मंदिर झारखंड ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। विशेषकर चैत्र नवरात्र के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। करीब 300 वर्ष पुरानी काले रंग की चतुर्भुजी माता की प्रतिमा इस मंदिर की विशेष पहचान मानी जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह मूर्ति केतार से लगभग दो किलोमीटर पश्चिम स्थित भैसहट घाट पहाड़ी से खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी। पंडितों के निर्देश पर सोनपुरा स्टेट के राजा मूर्ति को हाथी पर बैठाकर अपने महल ले जा रहे थे, लेकिन केतार गांव के केंदू वृक्ष के नीचे हाथी अचानक बैठ गया और काफी प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा। इसे देवी की इच्छा मानते हुए वहीं मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा की स्थापना कर दी गई। तभी से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया।



वर्तमान में मंदिर परिसर करीब 1.21 एकड़ में फैला हुआ है। मुख्य मंदिर का शिखर लगभग 151 फीट ऊंचा एवं शंकुनुमा है, जबकि चारों कोनों पर 51 फीट ऊंचे शिखर बने हुए हैं। गर्भगृह में मां काली के साथ मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां दुर्गा, भगवान गणेश, बजरंग बली तथा भगवान शंकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मुख्य मूर्ति को 61 किलोग्राम चांदी जड़ित श्री यंत्र से सुशोभित किया गया है।
श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा महिला और पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। मंदिर तक पहुंचने के लिए तीन दिशाओं से पक्की सड़कें बनाई गई हैं। साथ ही वाहन पड़ाव, अतिथि शाला, पेयजल और स्नानागार की भी समुचित व्यवस्था की गई है।
मंदिर परिसर के बाहर एक माह के लिए अस्थायी बाजार भी सजाया गया है, जहां प्रसाद, खिलौने, मिठाइयां, चूड़ी, श्रृंगार सामग्री और होटल की दुकानें लगी हैं। मेले में लगे झूले श्रद्धालुओं, खासकर बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मुख्य मंदिर के सामने शिवलिंग और नंदी मंदिर स्थित है, जबकि उत्तर दिशा में हवन कुंड, सात बहिनी मूर्ति, हनुमान मंदिर, सीताराम-जानकी मंदिर और दुर्गा मंदिर भी मौजूद हैं। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक झालरों से भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे इसकी सुंदरता और भी बढ़ गई है। चैत्र नवरात्र के इस पावन अवसर पर केतार का चतुर्भुजी मंदिर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बना हुआ है।

### नेतरहाट थाना क्षेत्र में अमानवीय कृत्य

## 'डायन' बताकर वृद्ध को मैला पिलाने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के दौना गांव में एक वृद्ध व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उन्हें 'डायन' बताकर जबरन मैला पिला दिया। घटना मंगलवार की बताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित के पुत्र ब्रजेश मुंडा ने बताया कि गांव के ही छतना मुंडा, धनेश्वर मुंडा और कृष्णा मुंडा सहित करीब 15 लोगों ने एक बैठक बुलाई थी।

शेष पेज 11 पर...

# उपायुक्त ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई शपथ, सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** प्रखंड सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त समीरा एस ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षा कुमारी शीला चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधि संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दें। उन्होंने नगर पंचायत के विकास कार्यों में प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों को भी शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में वार्ड संख्या 1 से आस्मीन परवीन, 2 से वृजनंदन साव, 3 से अमरजीत कुमार, 4 से पिंकी कुमारी, 5 से पुष्पा देवी, 6 से कृष्णा कुमार, 7 से सुशील कुमार रवि, 8 से स्वेता देवी, 9 से पवन कुमार, 10 से अवधेश कुमार मेहता, 11 से रामजी पासवान, 12 से सूरज देवी, 13 से हसीना खातून, 14 से रिंकू देवी, 15 से त्रिपुरारी राम तथा 16 से अनुराधा कुमारी शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, वार्ड की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अनीस अख्तर, डॉ. साजिद सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में भव्य स्वागत




**हुसैनाबाद।** शपथ ग्रहण के दूसरे दिन बुधवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन एवं कर्मियों ने सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया। इसके बाद सभागार में आयोजित स्वागत समारोह का संचालन सिटी मैनेजर हिमानी बाड़ा ने किया। औपचारिक परिचय कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय भारती ने पदाधिकारियों व कर्मियों से परिचय प्राप्त किया, वहीं सभी 16 वार्ड पार्षदों ने भी अपना-अपना परिचय दिया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि नगर की समस्याओं के समाधान और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी ने भी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नागरिकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद आशा देवी, अनीता शाह, राजेंद्र पाल, राजकुमार कश्यप, फिरोजा शाहीन, अनवर आलम, सरवरी बीबी, अभिमन्यु कुमार, उमा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज बॉक्स

### राम दरबार व हनुमान तांडव के साथ शाहपुर में निकला मंगलवारी जुलूस

**चैनपुर (पलामू)।** रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर स्थित महावीर नवयुवक दल जेनरल के तत्वावधान में मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान आकर्षक झांकी में राम दरबार एवं हनुमान तांडव का प्रदर्शन किया गया। जुलूस में शामिल रामभक्तों ने "जय श्री राम" के जयकारों के साथ गाजे-बाजे और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों तथा महावीरी ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया। जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर गढ़वा रोड, हरिजन मुहल्ला, कुम्हार मुहल्ला होते हुए शाहपुर बाजार स्थित महावीर मंदिर पहुंचा। इस दौरान युवाओं ने लाठी-डंडा व तलवारबाजी का प्रदर्शन कर अपनी कला का परिचय दिया। बाजार मुहल्ला के युवा सनातन संघ के सदस्यों ने भी लाइट एवं साउंड के साथ जुलूस में सहभागिता निभाई। महावीर मंदिर पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना की गई तथा प्रसाद वितरण के साथ जुलूस का समापन हुआ। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया। महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू ने बताया कि आगामी मंगलवार को भी जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर भक्ति जागरण, झांकी तथा अष्टमी की सुबह रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन बाहरी कलाकारों के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल जायसवाल, भोला पांडेय, सुनील गुप्ता, दीपक जायसवाल, सिंटू जायसवाल, दिलीप शर्मा, अवध बिहारी गुप्ता, अनिल रवि, राजेंद्र पासवान, लवलेश प्रजापति, सोनू जायसवाल, गणेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, शेखर सिंह, शशांक सुमन, पंकज जायसवाल, पिंटू जायसवाल, मोनू जायसवाल, आशेंद्र सिंह, पप्पू बैजनाथ प्रसाद, राकेश जायसवाल, दिनेश पासवान, विशाल जायसवाल, बबन गुप्ता, कुलदीप विश्वकर्मा सहित युवा सनातन संघ के पंचदीप गुप्ता, शुभम जायसवाल, बॉबी, आशीष विश्वकर्मा, अंकुर जायसवाल, अंशु शर्मा, अंकित जायसवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सघन टिकट जांच अभियान में 9 लाख 74 हजार रुपये का राजस्व अर्जित

**मोहम्मदगंज।** बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम को लेकर डीडीयू मंडल द्वारा चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के तहत कुल 1729 यात्रियों को पकड़ा गया। इस दौरान डीडीयू जंक्शन, गया, डेहरी ऑन सोन तथा सासाराम रेलवे स्टेशनों पर एक साथ व्यापक जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों ने प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों के अलावा ट्रेनों के भीतर भी सघन जांच की। इस दौरान यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया गया। जांच के दौरान पकड़े गए यात्रियों से जुर्माने के रूप में लगभग 9 लाख 74 हजार रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। अभियान के प्रभाव के कारण टिकट काउंटरों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखी गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट काउंटर, वेबसाइट, रेलवन मोबाइल एप अथवा एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेकर ही यात्रा करें, क्योंकि बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उमड़ी भीड़, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ




**हुसैनाबाद।** स्थानीय शकुंतला फाउंडेशन के तत्वावधान में बचपन स्कूल परिसर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल समापन हुआ। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों की जांच कर मरीजों को आवश्यक उपचार एवं सुझाव दिए। इस दौरान डॉ. शिशिर सिन्हा (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. आर. के. भारती (जनरल फिजिशियन एवं सर्जन) तथा डॉ. संजय कुमार (जनरल फिजिशियन एवं महिला रोग विशेषज्ञ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्राचार्या रेखा सिंह ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# अवैध विदेशी शराब से भरी लावारिस कार जब्त, 260 बोतल किया बरामद

- गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, चालक-मालिक का नहीं चला पता

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब से भरी एक लावारिस कार को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मार्च 2026 को करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि भजनिया मेन रोड स्थित सत्येंद्र नारायण सिंह की जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में खड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराया। उनके निर्देश पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान संदिग्ध कार को कब्जे में लिया गया। तलाशी के क्रम में वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब में रॉयल स्टैग 750 एमएल की 80 बोतल, वन मोर ग्रीन एप्पल 750 एमएल की 8 बोतल तथा आफ्टर डार्क ब्लू रेयर ग्रीन व्हिस्की 180 एमएल की 172 बोतल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मौके पर न तो वाहन चालक मिला और न ही कोई मालिक मौजूद था। इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 09/26 के तहत धारा 281 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं एवं झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है तथा वाहन मालिक व शराब तस्करी में संलिप्त लोगों की तलाश की जा रही है।

### फरार अभियुक्त के घर व चौक-चौराहों पर इश्तेहार चिपकाया गया

**हैदरनगर।** पलामू जिले के सदर थाना कांड संख्या 29/2001 के फरार अभियुक्त चंदन उर्फ नंदा रजवार के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के आलोक में अभियुक्त के घर एवं आसपास के प्रमुख चौक-चौराहों पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। पुअनि अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की-जब्ती सहित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चैती नवरात्र में माता दुर्गा का पालकी से आगमन, हाथी पर होगी विदाई

**हैदरनगर।** विक्रम संवत 2083 एवं शक संवत 1948 के चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा (गुरुवार, 19 मार्च) से नववर्ष के साथ वासंतिक नवरात्र की शुरुआत होगी। सनातन परंपरा के अनुसार यह दिन सृष्टि सृजन एवं नवचेतना का प्रतीक माना जाता है। इस संबंध में आयोजित चर्चा के दौरान वरिष्ठ विद्वान पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, जिसे युगादि भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि चैत्र मास प्रकृति में नवजीवन, उत्साह और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक रूप से सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शकों पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विक्रम संवत का आरंभ इसी दिन से माना जाता है।

# नहर की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप, रोक लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों ने जपला नहर की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध मकान निर्माण किए जाने का आरोप लगाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया है कि बुधुआ माइनर की सहयोगी नहर (सहायक वितरणी) की जमीन पर नरेश यादव उर्फ फोटो यादव, पिता भदई यादव द्वारा मकान निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान नहर से आने-जाने वाले रास्ते को भी अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने एवं खेती-किसानी के कार्य में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जिस जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह खाता संख्या 129 तथा प्लॉट संख्या 794 एवं 094 डी में दर्ज है और इसे सरकारी गैरमजरूआ भूमि बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में 10 मार्च 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद एवं अंचलाधिकारी को भी लिखित आवेदन दिया गया था, लेकिन दस दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण अतिक्रमण करने वालों का मनोबल बढ़ रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### हरिहरगंज नगर पंचायत में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित

**हरिहरगंज)।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बुधवार को समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी ने की तथा संचालन सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने किया। समारोह में अध्यक्ष कुमारी शीला चौधरी व उपाध्यक्ष सुशील कुमार रवि सहित सभी पार्षदों को फूल-माला, गुलदस्ता व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। समारोह के बाद बोर्ड की औपचारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 6 अप्रैल को अगली बैठक की तिथि निर्धारित की गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शटल पैसेंजर ट्रेन के समय संशोधन का डीआरएम ने दिया आश्वासन

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू व धनबाद संयुक्त रेल मंडल अंतर्गत बीडी रेल सेक्शन में परिचालित शटल ट्रेन संख्या 53349 (बरवाडीह–डेहरी ऑन सोन) के समय में संशोधन की मांग को लेकर झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन ने मंडल रेल प्रबंधक धनबाद को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन के संरक्षक पूजा रत्नाकर एवं अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने बताया कि जनवरी 2025 में ट्रेन के समय में किए गए बदलाव के कारण इस सेक्शन के करीब 13 स्टेशनों के गरीब एवं दैनिक यात्रियों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्तमान समय सारणी के अनुसार ट्रेन बरवाडीह से शाम 5:45 बजे प्रस्थान करती है और डाल्टनगंज (मेदिनीनगर) में 6:23 बजे पहुंचती है, जिससे छात्रों, कामकाजी लोगों एवं अन्य यात्रियों को असुविधा होती है। उन्होंने मांग की कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन के प्रस्थान समय को परिवर्तित कर इसे लगभग 4:15 बजे बरवाडीह से चलाया जाए, ताकि यह ट्रेन डाल्टनगंज में करीब 5:00 बजे पहुंच सके। यदि यह संभव नहीं हो, तो जनवरी 2025 से पूर्व की समय सारणी को पुनः लागू किया जाए। मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ने एसोसिएशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूर्व में समय परिवर्तन के कारणों की समीक्षा की जाएगी तथा शीघ्र ही आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अंकु सिंह राणा ने कहा कि यह मुद्दा यात्रियों की दैनिक जरूरतों से जुड़ा है और इस पर त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

### पकरिया पंचायत में नए पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति से हर्ष

**पांकी।** प्रखंड के पकरिया पंचायत में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से नए पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू की ओर से 18 मार्च को अखबार के माध्यम से पंचायत भवन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना जारी की गई है। बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि मिनटी वर्मा ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत का पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका था, जिससे पंचायत कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बीते कई वर्षों से पंचायत की मुखिया सुमन कुमारी, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों द्वारा नए भवन निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप मुखिया राम सरेख पांडेय, कंचन देवी, रेणु देवी, राजकिशोर सिंह, अमित शर्मा, अविनाश शर्मा, राजू रंजन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जल महोत्सव पखवाड़ा में जलसहियाओं की सक्रियता बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान प्रखंड क्षेत्र में जलसहियाओं द्वारा जल गुणवत्ता जांच एवं खराब पड़े जलस्रोतों के आंकलन का कार्य तेज कर दिया गया है। पंचायतों में भ्रमण कर जलस्रोतों की स्थिति का आकलन करते हुए रिपोर्ट विभाग को भेजी जा रही है। पंसा पंचायत की जलसहिया गूंजा देवी ने बताया कि तेंदुआ कला गांव में जल की गुणवत्ता जांच में पानी पीने योग्य पाया गया, जबकि गांव में जलमीनार उपलब्ध नहीं है और 14 में से दो चापानल खराब पड़े हैं। इसी पंचायत के राणाडीह गांव में 17 चापानलों में से तीन बंद पाए गए। भजनियां पंचायत की जलसहिया शकुंतला देवी ने बैरिया टोला में एक सरकारी चापानल के पानी की जांच कर उसे पीने योग्य बताया। उन्होंने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को शुद्ध एवं अशुद्ध जल की पहचान करने के तरीके भी बताए। ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि जलसहियाओं के इस अभियान से स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभागीय किट एवं रसायनों की सहायता से जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है, ताकि समय रहते मरम्मत कार्य कर संभावित जल संकट को टाला जा सके।

### पूर्व विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों ने दी जीत की बधाई

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद के लिए बुधवार को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें सुशील कुमार रवि 10 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद उपाध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई। वार्ड संख्या दो के पार्षद बृजनंदन साव तथा वार्ड संख्या सात के पार्षद सुशील कुमार रवि ने नामांकन दाखिल किया। सहायक निर्वाची पदाधिकारी विजय केरकेट्टा ने बताया कि सभी 16 पार्षदों ने मतदान में भाग लिया और सभी मत वैध पाए गए।

## कलश यात्रा में जयघोष से गूंजा लेस्लीगंज, विधायक की धर्मपत्नी बनीं मुख्य अतिथि

# 'जय श्रीराम' व 'जय हनुमान' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड मुख्यालय लेस्लीगंज में बुधवार को श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 21वें अधिवेशन का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। संकट मोचन महावीर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसके बाद पूरा क्षेत्र भक्ति एवं आस्था के माहौल से सराबोर हो गया। रामनवमी के अवसर पर आयोजित इस भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। "जय श्रीराम" और "जय हनुमान" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा महावीर मंदिर से निकलकर गोपालगंज स्थित मलय नदी तक पहुंची, जहां यज्ञाचार्य पंडित प्रवीण मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां विधिवत कलश स्थापना एवं महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता निर्धारित थे, लेकिन रांची में विधानसभा सत्र के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी किरण मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा समिति के सदस्यों ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा श्रद्धालुओं के बीच कलश का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आस्था और सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और सौहार्द को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, समाजसेवी कमेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि छोटे लाल सोनी, पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद डिसिल्वा, सचिव अभिषेक, उपसचिव राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शंकर बैठा, उपकोषाध्यक्ष राजू राय, मुख्य यजमान बालकेश पासवान, चंदन सोनी सहित कई गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ का शुभारंभ



**सतबरवा (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया गांव में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 21वें अधिवेशन को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महावीर मंदिर परिसर से शुरू हुई यात्रा में महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी रही। श्रद्धालु सुव्यवस्थित कतार में सुग्गी झरिया नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल लौटे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी एवं मुखिया संतोष उरांव ने धार्मिक आयोजनों को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर ने बताया कि 19 से 27 मार्च तक प्रतिदिन रामचरितमानस पाठ, प्रवचन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में एसआई सुधीर कुमार सहित कई पुलिसकर्मी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उच्च न्यायालय का आदेश सर्वोपरि : एसडीपीओ

**नौडीहा।** सरहुल, ईद एवं रामनवमी जैसे प्रमुख पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अंचलाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीपीओ छतरपुर अवध कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी अमित कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा पर्वों के दौरान संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संघीय शासन प्रणाली में न्यायपालिका के आदेशों का अक्षरशः पालन कराना प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि पारंपरिक वाद्य यंत्रों के उपयोग की अनुमति रहेगी, लेकिन शोभायात्राओं को नियंत्रित एवं अनुशासित तरीके से आयोजित करने की जिम्मेदारी संबंधित पूजा समितियों की होगी। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश शांति, सौहार्द और भाईचारे का है तथा नौडीहा क्षेत्र हमेशा से सामाजिक समरसता का उदाहरण रहा है।

# एलपीजी गैस को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ी बेचैनी

## एजेंसियों पर उमड़ी भीड़, आपूर्ति सामान्य होने का दावा

**अविनाश पांडेय**



**मेदिनीनगर।** क्षेत्र में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर इन दिनों उपभोक्ताओं के बीच बेचैनी और अफरातफरी का माहौल देखा जा रहा है। सुबह होते ही लोग गैस एजेंसियों पर कूपन कटवाने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे परिसर में भीड़ की स्थिति बन रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से चिंता बढ़ गई है। इसका असर स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिल रहा है, जहां समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

एचपी गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि पहले जहां उपभोक्ताओं को ओटीपी के आधार पर 25 दिनों के भीतर गैस सिलेंडर मिल जाता था, वहीं अब यह अवधि बढ़कर लगभग 45 दिन हो गई है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गोदाम में गैस की कोई कमी नहीं है और प्रतिदिन आपूर्ति जारी है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से निर्धारित समय से पहले बार-बार आवेदन नहीं करने तथा धैर्य बनाए रखने की अपील की है, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

# एमडीएम योजना पर गैस संकट का साया, स्कूल प्रबंधन की बढ़ी चिंता

- वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश, भोजन बंद होने पर कार्रवाई की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए संचालित मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना पर गैस सिलिंडर की किल्लत का असर साफ दिखाई देने लगा है। सिलिंडर की कमी के कारण स्कूल प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है और कई विद्यालयों में अगले एक सप्ताह के भीतर गैस समाप्त होने की आशंका जताई जा रही है। जिले के कुल 2499 विद्यालयों में एमडीएम योजना संचालित है, जिससे लगभग तीन लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। वर्तमान में अधिकांश विद्यालयों में गैस सिलिंडर के माध्यम से भोजन तैयार किया जा रहा है, लेकिन जिन स्कूलों में सिलिंडर समाप्ति के कगार पर है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिन विद्यालयों में गैस सिलिंडर समाप्त हो गया है या शीघ्र समाप्त होने वाला है, वहां विभागीय आदेश के अनुरूप वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए हर हाल में एमडीएम का संचालन जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि गैस की कमी के कारण यदि किसी विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना बंद होने की सूचना मिलती है, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इधर आंगनबाड़ी केंद्र भी गैस संकट से प्रभावित हो रहे हैं। जिले की 14 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित 2625 आंगनबाड़ी केंद्रों में से कई जगहों पर गैस सिलिंडर की कमी देखी जा रही है। ऐसी स्थिति में कुछ केंद्रों पर बच्चों के लिए भोजन मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी के सहारे तैयार किया जा रहा है। गैस संकट के बीच एमडीएम योजना और आंगनबाड़ी सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# एसडीओ सुलोचना मीणा ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक की

- बीएलओ व सुपरवाइजर को दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर स्मृति भवन में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने बैठक की। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इस दौरान मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

**हाउस नंबरिंग में लापरवाही नहीं चलेगी :** एसडीओ ने हाउस नंबरिंग कार्य को प्राथमिकता देते हुए नए मकानों को चिन्हित करने तथा बिना नंबर वाले घरों को नियमानुसार नंबर आवंटित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवार सर्वे कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी आवास सूची से वंचित न रह जाए।

**फील्ड वेरिफिकेशन अनिवार्य, संदिग्ध मामलों की होगी जांच :** उन्होंने मतदाताओं की सही पहचान सुनिश्चित करने के लिए फील्ड वेरिफिकेशन को अनिवार्य बताया। वर्ष 2003 के एसआईआर एवं वर्तमान मतदाता सूची के आधार पर उम्र और पारिवारिक मैपिंग की जांच करने, संदिग्ध मामलों का सत्यापन करने तथा आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मतदाताओं की पुष्टि करने के निर्देश दिए।

**समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूरा करें पुनरीक्षण कार्य :** एसडीओ ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।

बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी–एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# त्योहार के नाम पर गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : डीसी

- डीजे, भड़काऊ गीत और रूट उल्लंघन पर कार्रवाई करें : एसपी
- सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील
- अफवाह और भ्रामक वीडियो फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय
- 400 से अधिक जुलूस, पुलिस ने कसी सुरक्षा व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रामनवमी, ईद-उल-फितर एवं सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को स्थानीय पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने की। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि त्योहार खुशियां और भाईचारे का संदेश देते हैं, लेकिन किसी भी तरह की अव्यवस्था या अशांति को प्रशासन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने सभी लोगों से संयम और अनुशासन के साथ पर्व मनाने की अपील की। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी व ड्रोन से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

उपायुक्त ने सोशल एवं डिजिटल मीडिया पर बिना सत्यापन के किसी भी वीडियो या सूचना को साझा नहीं करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि एडिटेड या एआई जनरेटेड वीडियो के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में 400 से अधिक रामनवमी अखाड़ों द्वारा जुलूस निकाले जाने तथा ईद के अवसर पर 250 से अधिक स्थानों पर नमाज अदा किए जाने की संभावना है। इसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, चौकीदार एवं होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कराया जाएगा तथा प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

एसपी ने स्पष्ट किया कि जुलूस निर्धारित मार्गों पर ही निकाले जाएं। भड़काऊ गीत बजाने, डीजे के उपयोग तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी आयोजकों से प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में प्रभारी नगर आयुक्त सह उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली और यातायात पर प्रशासन अलर्ट

बैठक में जुलूस मार्गों की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, बिजली आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड एवं एंबुलेंस की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट, चलंत शौचालय एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।

# निगम क्लीनिकों को अत्याधुनिक बनाने की तैयारी डायलिसिस व डिलीवरी सुविधा का लक्ष्य : महापौर

- महिला वार्ड की व्यवस्था से संतुष्ट, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण किया। रांची रोड स्थित क्लीनिक तथा पप्पूकला केंद्र पहुंचकर उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए निगम स्तर पर लगातार पहल की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्लीनिकों की साफ-सफाई, डॉक्टरों एवं नर्सों की नियमित उपस्थिति तथा मरीजों के लिए निशुल्क दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं समय-समय पर इन केंद्रों का निरीक्षण करती रहेंगी, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे। इस क्रम में उन्होंने रांची रोड स्थित केंद्र पर डॉक्टर श्रेया सोनी से अपनी स्वास्थ्य जांच भी कराई।

महापौर ने कहा कि निगम द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्रों को जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक स्वास्थ्य केंद्र को वे व्यक्तिगत रूप से गोद लेंगी, जहां भविष्य में डायलिसिस, डिलीवरी एवं आवश्यक जांच की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि किसी भी प्रकार की जरूरत या समस्या होने पर वे सीधे उनसे संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

इसके बाद महापौर ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर महिला वार्ड का निरीक्षण किया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय विश्वकर्मा, डॉ. आर.के. रंजन एवं डॉ. सुशील पांडे ने उनका स्वागत करते हुए वार्ड की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान महापौर महिला वार्ड की साफ-सफाई एवं समग्र व्यवस्था से संतुष्ट नजर आईं, लेकिन उन्होंने वार्ड में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए इसे शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

इस दौरान कुछ महिला मरीजों ने वार्ड के सामने स्थित निगम शौचालय के बंद रहने की शिकायत भी की। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दो दिनों के भीतर सफाई कर शौचालय को चालू कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती महिलाओं ने महापौर के पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया बैंकिंग सुविधा विस्तार का मुद्दा

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत क्षेत्र की बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा को पुनः संचालित करने तथा गढ़वा जिले के बरगढ़ एवं बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालयों में नई शाखाएँ खोलने की मांग की। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलामू और गढ़वा दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। ऐसे में यहां बैंकिंग सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मेदिनीनगर के घनी आबादी एवं व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेड़मा क्षेत्र में पूर्व में संचालित एसबीआई शाखा बंद कर दी गई है, जिससे हजारों खाताधारकों, पेंशनभोगियों तथा व्यापारियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेड़मा शाखा बंद होने के बाद सभी ग्राहकों को मेदिनीनगर स्थित मुख्य शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो पहले से ही अत्यधिक भीड़भाड़ का सामना कर रही है। इसके कारण लंबी कतारें लग रही हैं तथा बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सांसद ने आगे कहा कि गढ़वा जिले के बड़गड़ एवं बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालयों में भी भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखाएं खोले जाने की आवश्यकता है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ रजवाडीह में श्री रामचरितमानस महायज्ञ का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह स्थित हनुमान मंदिर, समतटांड़ परिसर में चैत नवरात्र के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 19वें अधिवेशन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आस्था और उत्साह से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखी गई।

कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर त्रिवेणी संगम तट तक पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन एवं कलश जल भराव की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर लौटी। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों के बीच पूरे मार्ग में भक्ति भाव में लीन नजर आए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने 'सियाराम मय सब जग जानी' का स्मरण करते हुए कहा कि यज्ञ का उद्देश्य समाज में आपसी सम्मान, सद्भाव और समृद्धि की भावना को सुदृढ़ करना है। समिति की ओर से जानकारी दी गई कि महायज्ञ का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार आचार्य पंडित ऋषिकेश पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न होगा, जबकि दिन में मानस पाठ का संचालन पंडित दीपक पाण्डेय द्वारा किया जाएगा। वहीं सायंकाल कीर्तन-भजन एवं आरती के साथ रात्रि में चित्रकूट धाम से पधारी मानस माधुरी श्रीमती राजकुमारी एवं वाराणसी के राष्ट्रीय कथावाचक श्यामल जी मिश्र द्वारा संगीतमय मानस प्रवचन किया जाएगा। आयोजन की सफलता को लेकर समिति अध्यक्ष नरेंद्र पाण्डेय, सचिव प्रभात रंजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष नितिन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, स्वागत अध्यक्ष सुरेंद्र पाण्डेय, महासचिव सत्यवान पाण्डेय, महामंत्री देवेंद्र पाण्डेय, कार्यालय प्रभारी अजीत त्रिपाठी एवं सुशील पाण्डेय, मीडिया प्रभारी सुधांशु पाण्डेय सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# जैक परीक्षा-2026 की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। शहर के चार विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं की कॉपियों की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गणेश लाल अग्रवाल हाई स्कूल एवं बीसीसी मिशन बालिका हाई स्कूल में मैट्रिक की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है, जबकि ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल और गिरिवर प्लस-2 हाई स्कूल में इंटरमीडिएट की कॉपियों की जांच की जा रही है। चारों केंद्रों पर कुल 2,46,563 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए 879 परीक्षक (शिक्षक) नियुक्त किए गए हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि सभी केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुका है और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य जारी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि जिन परीक्षकों ने अब तक संबंधित केंद्रों पर योगदान नहीं दिया है, वे अविलंब योगदान सुनिश्चित करें, ताकि मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो। फिलहाल इस कार्य को 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। केंद्रवार स्थिति के अनुसार ब्राह्मण प्लस-2 हाई स्कूल में 73 हजार कॉपियों की जांच के लिए 140 शिक्षक, गिरिवर प्लस-2 हाई स्कूल में 48,883 कॉपियों के लिए 152 शिक्षक, गणेश लाल अग्रवाल हाई स्कूल में 72 हजार कॉपियों के लिए 325 शिक्षक तथा बीसीसी मिशन बालिका हाई स्कूल में 52,680 कॉपियों के लिए 262 शिक्षक तैनात किए गए हैं। निर्धारित व्यवस्था के तहत प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन 40 कॉपियों का मूल्यांकन करना है। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।

# रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति की मदद को आगे आए डीपीआरओ, किया रक्तदान



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। जनता दरबार में जमीन कब्जा, दोहरी जमाबंदी, म्यूटेशन समेत राजस्व से जुड़े कई मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। इस दौरान एक मार्मिक घटना भी देखने को मिली, जब एक फरियादी ने प्रशासन को आवेदन देकर बताया कि उसे तत्काल ए-प्लस रक्त की आवश्यकता है, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद उसे कहीं भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। फरियादी की व्यथा सुनते ही मौके पर मौजूद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम ने मानवता का परिचय देते हुए उसे आश्वस्त किया कि जनता दरबार समाप्त होने के बाद वे स्वयं रक्तदान करेंगे। जनता दरबार खत्म होते ही डॉ. असीम फरियादी को अपने साथ लेकर सीधे ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर उसकी सहायता की। इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण बताया। रक्तदान के बाद उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# सरहुल पर्व पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

**मेदिनीनगर ।** सरहुल पर्व के मद्देनजर सुगम यातायात व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए पलामू पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। पुलिस अधीक्षक रीशमा रमेशन ने कहा कि 21 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक बड़ी एवं छोटी मालवाहक वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं तथा इस दौरान भारी वाहनों का मेदिनीनगर शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ने जानकारी दी कि रांची की ओर से आने वाली बड़ी एवं छोटी मालवाहक वाहन चियांकी फोरलेन ओवरब्रिज से होते हुए सिंगरा फोरलेन ओवरब्रिज के रास्ते आगे जाएंगी। वहीं औरंगाबाद व पड़वा मोड़ की दिशा से आने वाली वाहन सिंगरा फोरलेन ओवरब्रिज से चियांकी फोरलेन ओवरब्रिज के मार्ग का उपयोग करेंगी। इसी प्रकार पांकी क्षेत्र से आने वाली मालवाहक वाहन पोखराहा फोरलेन मार्ग से औरंगाबाद अथवा रांची की ओर भेजी जाएंगी। शाहपुर (चैनपुर) की ओर से आने वाली भारी वाहन मंगरदाहा घाटी से आगे नहीं बढ़ेंगी और सड़क किनारे सुरक्षित पार्किंग करेंगी। रमकंडा एवं रामगढ़ क्षेत्र से आने वाली बड़ी वाहन नेवरा से आगे नहीं आएंगी तथा वहीं निर्धारित स्थान पर खड़ी की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक रीशमा रमेशन ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात नियमों व वैकल्पिक मार्गों का पालन करें। नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उल्लास और भक्ति के साथ निकला द्वितीय मंगलवारी जुलूस, रामनाम से गूंजा शहर

- सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी, महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** श्री रामनवमी महोत्सव के पावन अवसर पर शहर में द्वितीय मंगलवारी जुलूस धूमधाम, उल्लास और गहरी आस्था के साथ निकाला गया। श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य जुलूस में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।

मंगलवारी जुलूस की शुरुआत संध्या करीब 7 बजे शिवाला घाट से हुई। पारंपरिक मार्गों से होते हुए श्रद्धालु महावीर मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान "जय श्री राम" और "जय बजरंगबली" के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़े, ध्वज और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिए।

नगर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी अपने-अपने पारंपरिक मार्गों से मंगलवारी जुलूस निकाले गए, जो अंततः महावीर मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। वहां सामूहिक रूप से बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे समिति अध्यक्ष मंगल सिंह की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उनके मार्गदर्शन में पूरा आयोजन सुव्यवस्थित और भव्य तरीके से संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान वे स्वयं सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते नजर आए। उन्होंने कहा कि रामनवमी महापर्व आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक गणेश गिरी, बबलू गुप्ता, दुर्गा जौहरी, परिमल प्रसून, किशोर सिन्हा, रिंकू कुमार, दीपक सिंह, संदीप दास, जनार्दन दूबे, मुकेश अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, शुभम गुप्ता, राजू चंद्रवंशी, आकाश कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, विवेक चौबे, अभिषेक राज, रोहित पाठक सहित समिति के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के दौरान समूचा शहर भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया।

# त्योहारों को लेकर नगर निगम अलर्ट, सफाई-रोशनी दुरुस्त करने के निर्देश

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के नवनिर्वाचित डिप्टी मेयर मनोज सिंह ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए शहर की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चैती छठ, रामनवमी, सरहुल एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व निकट हैं, ऐसे में शहर में स्वच्छता एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। सभी वार्डों में नियमित सफाई अभियान चलाने और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया है। डिप्टी मेयर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने इनटेक वेल की मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

# न्यूज बॉक्स

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शैक्षणिक गुणवत्ता पर हुई समीक्षा

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पाराडाइज पब्लिक स्कूल, लखेया रोड मेराल में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सगुनी यादव की अगुवाई में आयोजित इस विचार गोष्ठी में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बौद्धिक विकास पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय निदेशक इंजीनियर इमाम ने कहा कि परीक्षा से पूर्व बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों को घर पर पढ़ाई का अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने, बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखने तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गोष्ठियों से शिक्षक और अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होता है, जिससे बच्चों के पठन-पाठन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कि स्कूल में निःशुल्क नामांकन की व्यवस्था की गई है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जुमराती अंसारी, राजेंद्र राम, महेंद्र कुमार, विजय राम, नितीश कुमार, बम्भोला पासवान सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं शिक्षकों में सुधीर कुमार, फिरदौस आलम, सरफराज अंसारी, प्रिया कुमारी, तेजस्वी साहू, रेखा कुमारी एवं राजा प्रक्षित दुबे शामिल थे।

## ईद-उल-फितर को लेकर ईदगाह में तैयारियां पूरी

**श्री बंशीधर नगर।** ईद-उल-फितर पर्व को लेकर गोसाइबाग स्थित ईदगाह में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सदर पप्पू खलीफा उर्फ सुहेल आलम के नेतृत्व में परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा टेंट एवं गुब्बारों से आकर्षक सजावट की गई है। कमेटी की ओर से जेसीबी मशीन की सहायता से मैदान की समतलीकरण एवं मिट्टी भराई का कार्य भी कराया गया है, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष नमाजियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर गुड्डू खान, जाफिर खान, मेराज शाह, अजहरूल खान, शौकत खान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य समापन, पूर्णाहुति के साथ गूंजा इलाका

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के करके गांव स्थित शिव चर्चा स्थल छठ घाट सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का बुधवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हो गया। अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी और पूर्णाहुति के दौरान पूरा यज्ञ स्थल "स्वाहा" के जयघोष से गूंज उठा। इससे पूर्व 16 मार्च को 108 कलशों के साथ गाजे-बाजे एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य कलश यात्रा निकालकर अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया था। श्रद्धालु जरदे गांव स्थित उरिया एवं सरस्वती नदी के संगम तट से पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे थे। आयोजन के दूसरे दिन गढ़वा के एसडीएम संजय कुमार भी यज्ञ स्थल पहुंचे और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने संध्या आरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ भक्ति भाव से अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुआ। आयोजन की रूपरेखा प्रमोद यादव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस अवसर पर महेंद्र कुमार, अनीता देवी, ममता तिवारी, किरण देवी, रंजीत केसरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रमजान की रहमत बनी सहारा, टीबी मरीजों के बीच बांटी गई फ़ूड बास्केट

**चिनिया।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंसानियत और सेवा की एक सराहनीय मिसाल देखने को मिली। यहां टीबी से पीड़ित गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के बीच फ़ूड बास्केट का वितरण कर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य कर्मी लाल मोहम्मद अंसारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें दर्जनों मरीजों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान डॉक्टर पल्लवी कुमारी सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित इलाज के साथ पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। लाल मोहम्मद अंसारी ने कहा कि रमजान का महीना रहमत, दया और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे में टीबी जैसे गंभीर रोग से जूझ रहे मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराना समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा भी टीबी मरीजों के लिए विभिन्न पोषण सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना आवश्यक है। इस पहल से मरीजों के चेहरे पर संतोष और उम्मीद की झलक देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं।

## रामनवमी पर 'चैता मुकाबला' से सजेगा सांस्कृतिक मंच




**केतार।** प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत में युवा शक्ति परिषद की बैठक आयोजित कर आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 मार्च को अजनीया मोड़ के समीप भव्य चैता महा दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बिहार के चर्चित चैता गायक संतोष ठाकुर तथा झारखंड की ओर से विरेन्द्र पासवान अपनी प्रस्तुति देंगे। परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि चैता लोक संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर है और ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मौके पर परिषद के महासचिव छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश राम, संरक्षक नेमचंद शाह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### आगामी मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण की तैयारी तेज

# वर्तमान सूची के मैपिंग कार्य शीघ्र पूरा करने का दिया गया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2003 की मतदाता सूची और वर्तमान सूची के मैपिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत कर आवश्यक प्रतिवेदन तैयार किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था पर प्रशासन सख्त

- कालाबाजारी और टैम्परिंग पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैस एजेंसी प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों ने वर्तमान स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी दी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि गैस वितरण में विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, छात्रावास एवं अस्पतालों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत आती है और इसकी कालाबाजारी अथवा अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के कारण घबराकर अनावश्यक बुकिंग न करें। साथ ही गैस वितरण से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

## रिम्स में मरीजों से मिले मानवेंद्र प्रताप देव, हालचाल जाना

**डंडई।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव के सुपुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा ने रांची स्थित रिम्स अस्पताल पहुंचकर अपने क्षेत्र के मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर इलाज की स्थिति की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर भी मौजूद रहे। दोनों ने विभिन्न प्रखंडों से आए मरीजों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मानवेंद्र प्रताप देव ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों से मिलकर उनकी वास्तविक परेशानियों को समझने का प्रयास किया गया है।

## मझिआंव नगर पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल सभागार में आयोजित समारोह में मझिआंव नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया, जिसमें सुमन विश्वकर्मा को छह मत प्राप्त हुए और वे विजयी घोषित किए गए। उन्हें निर्वाची पदाधिकारी द्वारा जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही और नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया गया।

### पर्वों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने पर प्रशासन का जोर

# जिला स्तरीय शांति समिति बैठक में सौहार्द बनाए रखने की अपील

नवीन मेल संवाददाता




**गढ़वा।** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी पर्वों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिले की परंपरा रही है कि सभी समुदाय मिलजुल कर पर्व-त्योहार मनाते आए हैं, जिसे आगे भी कायम रखना आवश्यक है। पर्वों के दौरान विद्युत, स्वास्थ्य एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। साथ ही नगर निकायों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा अग्निशमन विभाग को पूरी तरह सतर्क रहने को कहा गया। रामनवमी के दौरान मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने तथा न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप डीजे के प्रयोग पर प्रतिबंध लागू करने की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# धान क्रय लक्ष्य बढ़ाने व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर मंत्री से वार्ता

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** गढ़वा जिले में धान क्रय के लक्ष्य को बढ़ाने एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के मार्गदर्शन में झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने राज्य के मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मुलाकात के दौरान धान क्रय लक्ष्य को किसानों की उपज के अनुरूप बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अस्पतालों में संसाधनों की उपलब्धता, चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बुनियादी ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री इरफान अंसारी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने धान क्रय व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने का भी भरोसा दिलाया।

## सड़क पर बहता गंदा पानी बना लोगों की परेशानी का कारण



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** एनएच-343 से जुड़ने वाली हाई स्कूल रोड पर बीते लगभग 15 दिनों से नाले का गंदा पानी बहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जलजमाव और गंदगी के कारण राहगीरों को मजबूरी में उसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। आगामी रामनवमी पर्व को देखते हुए समस्या और गंभीर हो गई है, क्योंकि इसी मार्ग से श्रद्धालु गढ़ देवी मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों की ओर जाते हैं। लोगों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क को एनएच से जोड़ने तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## तीखे मोड़ पर टीपर-बाइक की टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर छः मइलवा स्थित तीखे मोड़ के पास मंगलवार को टीपर वाहन और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गंगटी गांव निवासी नितेश कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर टीपर वाहन को जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों ने खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

# सॉकर रोबोटिक्स कार्यशाला से बच्चों को मिलेगा तकनीकी सीखने का अवसर

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बच्चों में तकनीकी ज्ञान और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में 29 मार्च से 31 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय "सॉकर रोबोटिक्स कार्यशाला" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला ज़ोनल सेंटर बंशीधर नगर में आयोजित होगी, जिसमें कक्षा तीन एवं उससे ऊपर के किसी भी विद्यालय के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को रोबोटिक्स, कोडिंग तथा टीमवर्क का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इससे बच्चों में आधुनिक तकनीक को समझने और स्वयं नवाचार करने की क्षमता विकसित होगी। साथ ही रचनात्मकता, समस्या समाधान कौशल और नेतृत्व क्षमता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

डी0एम0एफ0टी0 मद से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से द्वि (Two) लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/15/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टण्डवा | कबरा | सिसई | Construction of High Level RCC Girder Bridge Over Barki River at Panchayat Kabra Birhor Tand to Khadhaiya Path Block-Tandwa. | 42692250.00 | 854000.00 | 10000.00 | 18 माह | द्वि (Two) |
| 2 | सिमरिया | जाँगी | चलकी | Construction of High Level Girder Bridge Across Thali River at Gram Chalki Under Jangi Panchayat Block-Simariya. | 27319275.00 | 547000.00 | 10000.00 | 18 माह | द्वि (Two) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **28.03.2026**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**28.03.2026** से दिनांक–**11.04.2026** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **13.04.2026** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 375478 Rural Development(25-26).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार।

**Office e-mail id-** iticwandwa@gmail.com • **Website-** https://iti.jharkhand.gov.in

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में Private Candidates के नामांकन संबंधित सूचना–

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में **Private Candidates** के नामांकन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना
2. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक–357, दिनांक–16.03.2026 एवं DGT के पत्रांक–DGT-MIS011/14/2022-TC SECTION E#71015, दिनांक–25.02.2026 के आलोक में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में **Private Candidates** का नामांकन हेतु कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Time Schedule for SPOT Round of online Counselling & Admission | | |
|---|---|---|
| Sl. No. | Activity | Dated |
| 01 | नामांकन की अंतिम तिथि | 20.03.2026 |

3. दिनांक–20.03.2026 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में **Private Candidates** का नामांकन SPOT ROUND Admission के तहत लिया जाएगा। SPOT ROUND online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First serve basis पर व्यवसाय /सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा।

- Category I :– मान्यता प्राप्त ITI से उत्तीर्ण एवं Apprenticeship / मान्यता प्राप्त संस्थान का कम से कम एक वर्ष का अनुभव
- Category II :- मान्यता प्राप्त ITI से CoE Scheme के अंतर्गत संचालित व्यवसाय से उत्तीर्ण एवं Apprenticeship / मान्यता प्राप्त संस्थान का कम से कम एक वर्ष का अनुभव।
- Category III: मान्यता प्राप्त ITI से SCVT अंतर्गत संचालित व्यवसाय से उत्तीर्ण (नामांकन अगस्त 2018 या पूर्व में हुआ हो) एवं One year Apprenticeship
- Category IV: मान्यता प्राप्त ITI से SCVT अंतर्गत संचालित व्यवसाय से उत्तीर्ण (नामांकन अगस्त 2019 के बाद लिया हो ) एवं One year Apprenticeship या वैसे अभ्यर्थी जो 8 वीं / 12 वीं उत्तीर्ण है तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से 03 वर्षों का सम्बन्धित व्यवसाय का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र हो।
- आयु सीमा Category IV के लिए 21 वर्ष निर्धारित है तथा अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

व्यवसायवार रिक्त सीट की विवरणी :–

| COURSES OFFERED | DURATION | SEATS AVAILABLE | | | | | | | QUALIFICATION REQUIRED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TOTAL | UR | EWS Seat | ST Seat | SC Seat | PH Seat | SMQ Seat | |
| Electrician | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10th Pass |
| Fitter | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 10th Pass |
| Welder | 1 Year | 40 | 6 | 1 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8th Pass / 10th Pass |
| Mechanic Diesel | 1 Year | 48 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10th Pass |

4. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in एवं आवश्यकतानुसार मो0नं0–8252575749 / 9308058506 / 7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चंदवा, लातेहार।

PR 375476 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)


### मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग में केतार थाना टीम की शानदार जीत

# खोनहर को 166 रन से हराया, शेखर तिवारी बने मैन ऑफ द मैच

- पूरी टीम मात्र 59 रन पर सिमट गई

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग सीजन–2 के तहत खेले गए मुकाबले में केतार थाना टीम ने खोनहर को एकतरफा मुकाबले में 166 रन से पराजित कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए थाना टीम ने निर्धारित 12 ओवर में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 225 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के दो बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेलकर विरोधी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। जवाबी पारी में उतरी खोनहर टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। पूरी टीम मात्र 59 रन पर सिमट गई। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शेखर तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का सीओ ने किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पैक्स द्वारा संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्र का अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रय पंजी एवं स्टॉक पंजी की जांच करते हुए केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत कर भुगतान, तौल प्रक्रिया एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से किसी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। मौके पर उपस्थित पैक्स सचिव सुरेश कुमार को धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ऑपरेटर कृष्णा कुमार समेत कई किसान मौजूद थे।

## चैती छठ महापर्व को लेकर देवनद छठ घाट पर सफाई अभियान शुरू

**चंदवा।** चैती छठ महापर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए देवनद छठ घाट की व्यापक सफाई शुरू करा दी गई है। उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा की देखरेख में घाट के निर्माण, साफ-सफाई एवं मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, ताकि छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र के लोगों में संतोष एवं उत्साह देखा जा रहा है। छठ व्रतियों ने घाटों की बेहतर व्यवस्था और साफ-सफाई के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि चैती छठ महापर्व 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। इस पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी घाटों पर सूर्य उपासना के लिए जुटते हैं। प्रशासन एवं आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न करने की अपील की है।

## स्कूल व अस्पताल के पास गुटखा-सिगरेट बिक्री पर चला प्रशासन का अभियान, दुकानदारों को सख्त चेतावनी

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं सरकारी भवनों के आसपास गुटखा, सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के संयुक्त नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के समीप, सदर अस्पताल परिसर के आसपास तथा चंदनडीह स्थित सीएम गर्ल्स स्कूल के पास संचालित पान-गुमटी और अन्य दुकानों की गहन जांच की गई। जांच टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे स्कूल एवं अस्पताल के आसपास गुटखा, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री तत्काल बंद करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध संबंधित सामग्री जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर सहित अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## रामनवमी को लेकर महासमिति की बैठक सम्पन्न, प्रभात कुमार बने अध्यक्ष

**लातेहार।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मुख्य अखाड़ा (थाना चौक) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने की। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से समिति के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में प्रभात कुमार को महासमिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम को मुख्य संरक्षक बनाया गया। मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडेय को विशेष मार्गदर्शक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा राजन तिवारी को महामंत्री एवं रंजीत साहू को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद पर अमित पांडेय, उज्जवल पांडे, रघुवीर यादव, रविंद्र प्रजापति, अश्विनी सिंह, राजकुमार दास, उज्जवल साहू, आनंद सिंह, कौशल पांडेय, पिंटू प्रसाद और प्रमोद साहू को जिम्मेदारी दी गई। मंत्री पद के लिए चंदन कुमार, पंकज दास, दिलेश्वर यादव, अशोक यादव, विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार, आकाश जायसवाल और अर्जुन सिंह को चयनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक जुलूस निकाला जाएगा।

# हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निष्पादन करें सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त सख्त

- शाम 6-7 बजे सबसे अधिक दुर्घटनाएं, 20-30 वर्ष के बाइक सवार बन रहे शिकार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हिट एंड रन से जुड़े सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला परिवहन कार्यालय की सड़क सुरक्षा टीम ने प्रत्येक माह होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि जिले में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं शाम 6 से 7 बजे के बीच होती हैं। साथ ही 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग के मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाओं के सबसे अधिक शिकार हो रहे हैं। उपायुक्त ने इस समयावधि में ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य संबंधित एजेंसियों को बेहतर समन्वय के साथ विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने आम लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए प्रमुख स्थानों पर कैमरों के माध्यम से सघन निगरानी की जा रही है।

उन्होंने 108 एम्बुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम को कम करने पर भी जोर दिया, ताकि दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वहीं पुलिस विभाग को ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कोलियरी क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने एवं ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नियमित अभियान चलाने तथा नो-स्टॉपेज एवं नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क पर गंदा पानी बहने से नाराज चेताग पूजा समिति ने थाना बैठक का किया बहिष्कार

- समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को बालूमाथ थाना परिसर में पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में चेताग ग्राम की रामनवमी पूजा समिति ने भाग नहीं लिया। समिति सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान नहीं होने के कारण उन्होंने बैठक का बहिष्कार किया।

ग्रामीणों का कहना है कि बालूमाथ से चेताग ग्राम जाने वाले मुख्य मार्ग पर गोविंद नगर मोहल्ला के पास घरों एवं नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों राहगीरों एवं ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग लातेहार जिला मुख्यालय को भी जोड़ता है और धार्मिक स्थलों तक जाने के लिए भी इसी रास्ते का उपयोग किया जाता है।

समिति के अनुसार इस समस्या को कई बार शांति समिति की बैठकों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने थाना में आयोजित बैठक में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया और जल्द समस्या समाधान की मांग दोहराई।

## बालूमाथ में रामनवमी पूजा समिति के साथ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक

**बालूमाथ।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को थाना परिसर में प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों की पूजा समितियों के पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, समय-सारणी तथा आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विभिन्न मार्गों पर घरों एवं नालियों का पानी सड़कों पर बहने की समस्या को स्थायी रूप से दूर कराने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा थाना चौक स्थित हाईमास्ट लाइट को रामनवमी एवं दशमी के दिन जनरेटर के माध्यम से चालू रखने की मांग की। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने इन मांगों पर यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह ने सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए सभी समिति सदस्यों से नियमों का पालन करने तथा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।

## बनहरदी कोल ब्लॉक पर ग्राम सभा बेनतीजा, ग्रामीणों ने जताया अविश्वास

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी मौजा में प्रस्तावित कोल ब्लॉक परियोजना को लेकर बुधवार को आयोजित ग्राम सभा किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। पतरातू विद्युत ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की इस परियोजना के संबंध में तीन मुहान के समीप आयोजित बैठक में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत एनओसी पर चर्चा की गई। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव ने की। बैठक में कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों एवं अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा ने परियोजना के उद्देश्य, प्रभावित गांवों के विस्थापन, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति तथा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के समक्ष अपनी आपत्तियां रखते हुए कहा कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के लिए अलग प्रावधान हैं, जिनका समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना प्रारंभ करने से पूर्व ग्राम सभा की अनुमति भी नहीं ली गई, जिससे रैयतों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## न्यूज बॉक्स

### ग्राम प्रधान रेवा महतो पंचतत्व में विलीन, क्षेत्र में शोक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातु गांव के ग्राम प्रधान स्व. रेवा महतो (88 वर्ष) का बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिवारजनों के साथ-साथ पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने को लेकर फूलसु गांव में बैठक

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फूलसु ग्राम में आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम के गणमान्य लोगों एवं समिति सदस्यों ने भाग लेते हुए सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि रामनवमी के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला जाएगा तथा पूजा कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारा और सहयोग के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। समिति गठन के तहत लाल आशीष नाथ महादेव को अध्यक्ष, सुनीता देवी को उपाध्यक्ष तथा विजय सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर लखन कुमार, सुधीर सिंह, जगरनाथ साव, नंदकिशोर पासवान, पंचम सिंह, विजय साव, सुखदेव साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की।

### पर्व-त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने की, जबकि संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी पप्पू शर्मा ने किया। बैठक के दौरान पर्व-त्योहारों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, जुलूस मार्ग एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बीडीओ सह प्रभारी अंचल अधिकारी देवलाल उरांव ने चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती का भरोसा दिलाया। एसडीपीओ ने आम लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में सुभाष यादव, विश्वजीत उरांव, मोईन अंसारी, सरिता देवी, राजेश चौधरी, महेश वर्मा सहित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आयुष शिविर में 225 मरीजों की जांच निःशुल्क दवाओं का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में बुधवार को प्रखंड स्तरीय आयुष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और आयुष पद्धति से उपचार का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएएमओ डॉ. ओम प्रकाश, आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुरभि, डॉ. नीरज कुमार, अली अख्तर एवं शशिकांत द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीएएमओ डॉ. ओम प्रकाश को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर के दौरान कुल 225 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार सभी को निःशुल्क आयुष दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच आयुर्वेदिक औषधीय एवं फलदार पौधों का वितरण कर उनके महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डीएएमओ डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक एवं प्रभावी है, जो रोगों के उपचार के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है। आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और योगाभ्यास के महत्व पर बल दिया, जबकि डॉ. नीरज कुमार ने समय पर जांच एवं उपचार को गंभीर बीमारियों से बचाव का बेहतर उपाय बताया।

## रामनवमी व ईद को लेकर गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

- भाईचारे के साथ मनेंगे रामनवमी और ईद, बैठक में लिया गया संकल्प

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना परिसर में बुधवार को रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य महादेव दांगी ने किया। बैठक में गिद्धौर एवं बरटा क्षेत्र के लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समिति के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न समितियों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपनी बात रखी। दोनों समुदायों के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने तथा निर्धारित रूट के अनुसार जुलूस निकालने का सामूहिक संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के पहरा, बारियातु, बारिसाखी, मंझगांवां एवं द्वारी पंचायतों में नवमी के दिन जुलूस निकाला जाएगा, जबकि गिद्धौर एवं बरटा में दशमी के दिन जुलूस के साथ आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति की जाएगी। वहीं रजाक मियां ने बताया कि 21 मार्च को विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की। जुलूस के दौरान मेला परिसर में पेयजल, वाहनों की पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। अंचल अधिकारी ने जुलूस के दौरान अश्लील गाने नहीं बजाने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना प्रसारित नहीं करने की अपील की। थाना प्रभारी शिवा यादव ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में बीडीओ राहुल देव, सीआई महेश कुमार, उपप्रमुख प्रीतम यादव, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह महासमिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, मुखिया जगदीश यादव, डेगन गंझू, प्रमेश्वर दांगी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मुकेश कुमार साव, राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद यादव, राजू दास सहित दोनों समुदायों के कई लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** आगामी रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर बुधवार को अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा किसी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को दें। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कुंदा रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अजित मिश्रा, राजद जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, नवादा मुखिया भरत यादव, समाजसेवी मिथलेश यादव, भाजपा नेता लवकुश गुप्ता, राजद जिला महिला मोर्चा की सुनीता देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत भोक्ता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004
**NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)
**Re-eTender No.- 11/ 2025-26- Ranchi, Dated: 17.03.2026**
**PR No- 364457** **dated 18.10.2025 (2nd Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Palamu | Eishram pur | JH-17-PMJANMAN-PAL-01 (2025-26) | L021-Sohdag Khurd To Kumbhi Kala Main Road | 5.500 | 436.04 | 44.18 | 480.22 | 1,023.11 | 20.46 | 15 |
| | Palamu | Eishram pur | | L022- Itko Panchyat Sachiwalay To Sinjo | 2.600 | 214.28 | 20.51 | 234.79 | | | |
| | Palamu | Eishram pur | | L023-Khumbhi Khurd More To Theki | 3.500 | 279.29 | 28.81 | 308.10 | | | |
| | | Total | | | 11.60 | 929.61 | 93.50 | 1023.11 | 1023.11 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in** The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer inChief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 19.03.2026 at 10.00 AM | 06.04.2026 upto 5.00 PM | 25.03.2026 upto 2.00 PM | 06.04.2026 upto 5.00 PM | 06.04.2026 at 0530 PM | To be informed later |

**Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/-
Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR 375447 Rural Work Department(25-26)D


## ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक, चौकसी बढ़ाने का निर्देश

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई जुलूस की ऊंचाई 4 मीटर तक सीमित

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था को लेकर व्यापक चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि एक साथ कई महत्वपूर्ण पर्वों के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता और चौकसी के साथ कार्य करना होगा, ताकि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा फ्लैग मार्च निकालने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी-बड़ी घटना की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। जुलूस एवं शोभायात्राओं के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी जुलूस निर्धारित रूट के अनुसार ही निकाले जाएं तथा संबंधित पदाधिकारी रूट का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित करें। रामनवमी जुलूस के दौरान विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति बाधित करने के निर्देश भी कार्यपालक अभियंता को दिए गए। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए सभी आयोजकों एवं श्रद्धालुओं से पर्व-त्योहारों के दौरान निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सख्ती से पालन करने की अपील की। साथ ही बताया कि जुलूसों में झंडों, वाहनों पर लगे साउंड सिस्टम (डीजे) तथा झांकियों की अधिकतम ऊंचाई 4 मीटर (लगभग 13 फीट) निर्धारित की गई है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्व तैयारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने तथा जुलूस मार्ग का पूर्व मुआयना करने का निर्देश दिया। साथ ही डीजे संचालकों से बॉन्ड भरवाने की बात कही, ताकि अभद्र गीतों के प्रसारण पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06565-247981, मोबाइल नंबर 08987796308, साइबर सेल नंबर 6206159795 अथवा डायल 112 पर सूचना देने की अपील की गई।

# न्यूज बॉक्स

## भंडरा में दो दिवसीय आंगनबाड़ी सेविका प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रजायत्न संस्था और जिला समाज कल्याण विभाग लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आंगनबाड़ी सेविका प्रशिक्षण कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सेविकाओं को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से बच्चों के संज्ञानात्मक और प्रारंभिक विकास पर जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि शिक्षण-सीखने की सामग्री के माध्यम से बच्चों में सोचने, समझने और सीखने की शक्ति को कैसे विकसित किया जा सकता है। कार्यशाला में नन्हे कदम मॉड्यूल की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से अप्रैल माह की थीम पर आधारित कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही सेविकाओं को निर्देशित किया गया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों में रुचिपूर्ण और गतिविधि आधारित कक्षाएं संचालित करें, ताकि बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसके लिए प्रत्येक सेविका को विधिवत कक्षा योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करना होगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम टोप्पो, तुलसी कुमारी, प्रिया गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी, अनामिका कुमारी व अनिल त्रिपाठी की देखरेख में किया गया। कार्यशाला के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल सेविकाओं के कौशल में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर एक मजबूत शैक्षिक आधार भी मिल सकेगा।

## भंडरा के भीठा में आज होगा विराट हिंदू सम्मेलन सह कलश यात्रा का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के भीठा गांव में गुरुवार 19 मार्च को विराट हिंदू सम्मेलन सह कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर हिंदू समाज में उत्साह का माहौल है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भीठा के हेमंत नाथ शाहदेव ने बताया कि इस सम्मेलन में लोहरदगा, रांची, और गुमला जिले से भी काफी संख्या में लोग पहुंचेंगे.सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कल्पवासी श्रद्धेय शिवाजी क्रांति, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। सम्मेलन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हिंदू समाज के लोग इस सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए उत्साहित हैं। हेमंत नाथ शाहदेव ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और उनकी समस्याओं को उठाना है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए एकजुट होना होगा। सम्मेलन में हिंदू समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाई जाएगी। सम्मेलन के दौरान कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यात्रा के दौरान हिंदू समाज के लोग अपने आराध्य देवों की पूजा-अर्चना करेंगे और समाज की एकता और समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। सम्मेलन के आयोजन में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भीठा के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

## ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

**भंडरा।** प्रखंड में मंगलवार की रात हुई बारिश के साथ ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। आम, लीची, जामुन के मंजर को भी क्षति पहुंची है। ओलावृष्टि से गेहूं, सब्जी, दलहन, और तेलहन की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। भंडरा प्रखंड में मटर, आलू, गेहूं, शिमला मिर्च, हरा मिर्च, खीरा, तरबूज, फूलगोभी, गाजर, बीट, सरसों सहित सब्जी के अन्य फसल बड़े पैमाने पर उपजाए जाते हैं। प्रखंड क्षेत्र में आम और लीची की बागवानी भी बड़े पैमाने पर होती है।ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वे अपनी फसलों की भरपाई नहीं कर पा रहे हैं। कई किसान बाजार से उधारी लेकर और केसीसी लोन लेकर फसल लगाते हैं, लेकिन ओलावृष्टि से उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ रहा है किसानों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से ओलावृष्टि के कारण उन्हें अत्यधिक क्षति हो रही है। सरकार से मांग की जा रही है कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और उनकी फसलों की भरपाई की जाए।

## सेन्हा प्रखंड में मशरूम उत्पादन के लिए महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सती मंदिर के समीप झारखंड सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आजीविका वर्धन हेतु मशरूम उत्पादन और व्यवसाय के तहत ग्रामीण महिलाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि मशरूम को खुखड़ी भी कहा जाता है। परंतु मशरूम का हमेसा उत्पादन किया जा सकता है। लेकीन खुखड़ी प्राकृतिक वस्तु है, जो बरसात मौसम के प्राप्त होता है।वही मशरूम में प्रोटीन, पौष्टिक, कैलिशयम, आयरन और विटामिन सहित विभिन्न तरह के तत्व पाये जाते हैं।साथ ही बताया गया कि मशरूम में प्रोटीन की मात्रा 30 प्रतिशत तक प्राप्त होता है। जो शरीर के लिये बहुत ही लाभप्रद है। मशरूम उत्पादन के विषय मे बताया गया कि यह शुष्क व नमी जगह में तैयार होता है। इसके लिये अंधेरा जगह का होना आवश्यक है। बीज के माध्यम से मशरूम का उत्पादन किया जाता है। जो एक महीना के अंदर तैयार होता है। बाजार में मशरूम का अच्छा कीमत है। जिसे मशरूम का व्यवसाय से अच्छी आमदनी होती है। साथ मशरूम के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न तरह की जानकारी दी गई। मौके पर पूनम देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, रीता देवी, माधुरी सेवी, बालवंती कुमारी, नमिता देवी, सुषमा देवी, रजनी देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा देवी, उषा देवी समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## ओलावृष्टि ने बदला मौसम का मिजाज, कुडू में ठंड की जोरदार वापसी

**कुडू।** बुधवार को दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद अचानक हुई जोरदार ओलावृष्टि ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। आसमान से गिरे बर्फीले ओलों ने जहां एक ओर सड़कों और खेतों को सफेद चादर से ढक दिया, वहीं दूसरी ओर ठंड ने एक बार फिर जोरदार दस्तक दे दी। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से जनजीवन प्रभावित हुआ। बीते दिनों से लगभग बंद हो चुके गर्म कपड़े और रजाई एक बार फिर लोगों को निकालने पड़े। ठंडी हवाओं के साथ बढ़ी सिहरन ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च के महीने में इस तरह की ओलावृष्टि और ठंड की वापसी अप्रत्याशित है। दिन में जहां मौसम सामान्य लग रहा था, वहीं कुछ ही देर में बदले हालात ने सभी को चौंका दिया। ओलावृष्टि का असर किसानों पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में लगी कुछ फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। फिलहाल मौसम के इस बदले रुख ने एक बार फिर सर्दी का एहसास करा दिया है।

## दर्जनों गांवों में गहराते पेयजल संकट पर सांसद प्रतिनिधि ने जताई गंभीर चिंता

**कुडू।** कुडू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गहराते पेयजल संकट को लेकर सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ साहदेव ने गंभीर चिंता जताई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना कई जगह अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी कम होने के बजाय और बढ़ गई है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि कहीं पानी टंकी खड़ी है तो बोरिंग नहीं, कहीं सोलर प्लेट लगा है तो टंकी ही नहीं लगाई गई है। इस तरह अधूरे ढांचे ग्रामीणों के लिए 'सफेद हाथी' साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जहां लोग रोजाना एक किलोमीटर तक दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत के साथ ही संकट और भयावह हो गया है। क्षेत्र में मौजूद चापाकल भी जर्जर हालत में हैं, जिससे किसी तरह लोग पानी का इंतजाम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि की मौजूदगी में ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग के कर्मियों से बात कर अपनी समस्या रखी। विभागीय स्तर से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया है। हालांकि लाल विकास नाथ साहदेव ने स्पष्ट कहा कि सिर्फ मरम्मत से काम नहीं चलेगा। जहां चापाकल पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं, वहां नए बोरिंग कराए जाने चाहिए, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। ग्रामीणों ने खराब चापाकलों की सूची भी विभाग को सौंप दी है। मौके पर राजीव ताना भगत, शुफविलास उरांव, कदीर अंसारी, बिहार उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में डीसी ने कहा

# सभी पर्व-त्योहार खुशनुमा माहौल में मनाएं

● **घटनाओं की पुनरावृति ना हो, असमाजिक तत्वों को ना दें संरक्षण: डॉ ताराचंद**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर आज उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आनेवाले दिनों में ईद, सरहुल, रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा, चैती छठ, गुड फ्राईडे के त्यौहार मनाये जाने हैं। यह सभी के लिए विशेष महीना है। हम सभी को यह पर्व-त्यौहार मिलकर मनाना है। ऐसा कोई भी कार्य ना करें जिससे जिला व राज्य की छवि देश में धूमिल हो। पुरानी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। सभी अपने गांव-मोहल्ले में सतर्क रहें और कभी भी असामाजिक तत्वों को संरक्षण देने का कार्य नहीं करें। गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखें। पर्व त्यौहारों में नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। सभी पर्व-त्यौहार खुशनुमा माहौल में मनाएं। पर्व-त्यौहारों में दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना को जिला प्रशासन के साथ साझा करें। किसी घटना को बड़ा ना होने दें। समय पर सूचना मिलने से प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगी। सभी धर्म, समुदाय हैं। आपस में सभी का सम्मान करें। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उराँव, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, नगर परिषद उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर अली, जिला परिषद संदीप कुमार समेत विभिन्न प्रखण्डों से आए शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे।

उपायुक्त ने कहा कि अगर चापाकल या जलमीनार खराब हैं तो जल्द ही सभी की मरम्मती करायी जाएगी। जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं को लेकर बेहद संवेदनशील है। उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, कार्यपालक अभियंता को पेयजल की समस्याओं को ठीक करने और कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को जर्जर व झूलते हुए बिजली के तारों की उंचाई ठीक करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया पर रहेगी नजर, अफवाह से बचें : एसपी सादिक

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि किसी भी सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने के लिए सोशल मीडिया आज एक सशक्त माध्यम है लेकिन इसके दुरूपयोग की भी संभावनाएं बहुत अधिक हैं। किसी भी तरह के अफवाह को प्रसारित करने से बचें। जिला प्रशासन की टीम की नजर सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर है। अपने-अपने क्षेत्र में सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। गाईडलाइन के अनुसार फ्लैग मार्च भी करें। संवदेनशील रूट का संयुक्त निरीक्षण भी कर लें।

## पिता ने फटकार लगाई नाबालिग ने सेवन किया कीटनाशक, रिम्स रेफर

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बेदाल डाड़ टोली में बुधवार को एक नाबालिग ने घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। इससे उसकी स्थित गंभीर हो गई। नाबालिग द्वारा कीटनाशक का सेवन कर लेने की जानकारी मिलते ही उसके स्वजनों ने भंडरा सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसे सदर अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया गया है। बता दें कि नाबालिग युवक को किसी बात को लेकर उसके पिता ने डांटा था। इससे गुस्सा होकर नाबालिग ने घर में खेतों में देने के लिए रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। इससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। जिसे आनन-फानन में स्वजनों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया।

## उपायुक्त के निर्देश पर कुडू के थाना मोड़ से पढ़हा भवन तक सड़क मरम्मत का कार्य शुरू



**लोहरदगा।** सरहुल, ईद और रामनवमी के अवसर पर जिला शांति समिति की बैठक में समीक्षा के दौरान बात उठी कि एनएचएआई 75 कुडु के थाना मोड़ से लेकर पड़हा भवन तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है जिससे आमजन के आवागमन में काफी दिक्कत आती है और इस सड़क में दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है । उपायुक्त ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और मौके पर ही अविलंब सड़क की स्थिति को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।आदेश के तुरंत उपरांत सड़क मरम्मति का कार्य किया जा रहा है।

## रेलवे पुल के पास जानलेवा गड्ढों से राहत, थाना प्रभारी की पहल पर हुआ समतलीकरण



**कुडू।** कुडू-चापी पथ में स्थित रेलवे पुल संख्या 21 के दोनों ओर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे राहगीरों के लिए लंबे समय से खतरे का कारण बने हुए थे। स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर दोपहिया चालकों और पैदल यात्रियों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा हो गया था।बीते दिनों आयोजित शांति समिति की बैठक में आमजनों ने थाना प्रभारी अजित कुमार को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया था और शीघ्र समाधान की मांग उठाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने त्वरित पहल की और संबंधित विभाग से समन्वय कर गड्ढों का समतलीकरण कराया, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए आमजन की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्चप्राथमिकता है। जहां-जहां इस तरह की समस्याएं सामने आएंगी, वहां समाधान करने की पुरी कोशिश करेंगे।

### विद्यालय परिसर में कर्नल का हुआ भव्य स्वागत, बच्चों को किया प्रेरित

# बच्चों को शिक्षा और प्रेरणा देना काफी कठिन है : कर्नल दीपक साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

● **शिवाजी लिलिपुट पब्लिक स्कूल सेन्हा प्रांगण में हुआ कार्यक्रम आयोजित**

**सेन्हा।** शिवाजी लिली पुट पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय संचालक की ओर से भारतीय सेना के कर्नल का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक सूर्यप्रकाश साहू उर्फ मंटु के द्वारा कर्नल दीपक कुमार साहू को बुके प्रदान कर विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। वही कर्नल दीपक कुमार साहू द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए अच्छी पढ़ाई कर अच्छा व्यवहार सीखने और माता पिता तथा शिक्षकों की बातों को मनाने के लिए बताया गया। वही कर्नल श्री साहू इस कहा कि ज्ञान, संस्कार सीख कर अपने आप को एक योग्य व्यक्ति बनाने में समय लगता है। एक बच्चा को सिखाने में अविभावक एवं शिक्षक का अहम योगदान रहता है। जिस पर बताते हुए कहा गया कि बच्चों को शिक्षा और प्रेरणा देना काफी कठिन है। लेकिन धीरे-धीरे आपको अच्छे व्यवहार के लिये प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा तरीका मिल जायेगा। जब अपने बच्चे या विद्यालय के बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण,प्रेम से सहयोगात्मक संबंध धीरे धीरे स्थापित होगा।तो एक सुयोग्य नागरिक बन सकता है। साथ ही कर्नल दीपक कुमार साहू विद्यालय द्वारा अध्यनरत नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को अपनी जीवनी के बारे में बताते हुए कहा कि हम भी सेन्हा ग्राम निवासी स्वर्गीय रतन साहू का पुत्र दीपक कुमार साहू हैं।जो वर्तमान में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर सिग्नल्स वन ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर में पदस्थापित हैं। जिस पर जानकारी साझा करते हुए कहा भारतीय सेना में एक सिपाही के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की और अपने लगन और निरंतर मेहनत और सफलता हासिल कर सन 2011 ईसवी में भारतीय सेना में कर्नल के पद पर चयन हुआ और तब से इन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में हुई और नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय लोहरदगा से हाई स्कूल का परीक्षा पास करने के बाद इन्होंने बीएस कॉलेज लोहरदगा से इन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की जो कि इन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ साथ एक शिक्षक के तौर पर सरस्वती शिशु मंदिर सेन्हा में अपनी सेवाएँ दी। इस प्रकार काफी परिश्रम के पश्चात इन्होंने भारतीय सेना में कर्नल के पद पर हैं। इसी प्रकार सभी बच्चों को अपने बीते कल को भूल कर भविष्य के लिये सोचने और विचार करने तथा लक्ष्य प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया गया। मेहनत करने पर जीवन खुशियों से भरा होगा। श्री साहू ने शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा कि विद्यालय में अध्यनरत बच्चे बच्चियों को परिवार का सदस्य समझकर ज्ञान व संस्कार देने के लिये। कहा जिसे बच्चे होनहार बने तो मट्टा पता और इस क्षेत्र के साथ विद्यालय का नाम भी रौशन होगा। मौके पर मुक्ता साहू, सुधा कुमारी बबिता देवी, अशियानी खातून, कुलदीप कुजूर, पूनम कुमारी, पूनम एक्का पूर्णिमा कुजूर, चन्दना देवी, रिंकी देवी, सुहानी कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### लोहरदगा पुलिस के बेड़े में जुड़े 14 बोलेरो

# हर इलाके तक पहुंच हुई आसान, सुरक्षा व्यवस्था को मिला नया बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राज्य सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लोहरदगा पुलिस को 14 नए महिन्द्रा बोलेरो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि इन नए वाहनों के शामिल होने से जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को नई गति मिलेगी। एसपी ने बताया कि अब पुलिस की पहुंच सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी तथा किसी भी घटना या सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो पाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिले की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को बेहतर सुरक्षा का माहौल मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों को नए वाहन आवंटित किए गए हैं, जिसके तहत लोहरदगा को 14 बोलेरो वाहन प्राप्त हुए हैं। इन वाहनों का वितरण विभिन्न थाना क्षेत्रों में किया गया है। लोहरदगा सदर थाना को 3, भंडरा को 2, कुडू को 2, सेन्हा को 2, कैरो को 1, किस्को को 1, बगड़ू को 1, लोहरदगा यातायात पुलिस को 1 तथा पुलिस लाइन को 1 वाहन दिया गया है। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि सभी वाहनों के सुचारू संचालन, रखरखाव एवं प्रभावी उपयोग के लिए संबंधित पदाधिकारियों और वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार**
*E-Mail ID. dj-latehar@jharkhandmail.gov.in*
*jailsuperintendent.latehar@gmail.com, Phone No. 06565-247660*

**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Annual/2026/370**

**ई0–निविदा निरस्त सूचना**

मंडल कारा, लातेहार में वार्षिक निविदा दिनांक–01.04.2026 से 31.03.2027 तक खाद्यान्नों, मसालों, खस्सी मांस, चिकन, अण्डा, अन्य विविध सामग्रियों क्रय हेतु ई0–निविदा आमंत्रण सूचना–विज्ञापन संख्या– PR373189 Prison 25-26:D जो दिनांक–16.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में कारा क्रय समिति लातेहार की बैठक हुई। जिसमें 05 (पाँच) निविदादाताओं का Online निविदा प्राप्त हुऐ, परन्तु 04 (चार) निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) एवं अग्रधन राशि (EMD) मूल रूप (Hard Copy) प्राप्त नहीं हुआ, मात्र एक ही निवदादाता उपस्थित हुए ऐसी परिस्थिति में उक्त निविदा को खोलने का निर्णय नहीं लिया जाता है, अतएव उक्त निविदा रद्द करते हुए पुर्ननिविदा की अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

ह0– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, लातेहार। | ह0– जिला लेखा, पदाधिकारी, लातेहार। | ह0– सचिव–सह–अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार। | ह0– अध्यक्ष–सह–अपर समाहर्त्ता, लातेहार।

PR 375496 Prison (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार**
*E-Mail ID. dj-latehar@jharkhandmail.gov.in*
*jailsuperintendent.latehar@gmail.com Phone No. 06565-247660*
**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-2/2026/369**

**ई0–निविदा निरस्त सूचना**

**मंडल कारा, लातेहार में द्वितीय त्रैमासिक दिनांक–01.04.2026 से 30.06.2026** तक खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों क्रय हेतु ई0–निविदा आमंत्रण सूचना–विज्ञापन संख्या–PR373190 Prison (25-26):D जो दिनांक–16.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में कारा क्रय समिति लातेहार की बैठक हुई। जिसमें 05 (पाँच) निविदादाताओं का Online निविदा प्राप्त हुऐ, परन्तु 04 (चार) निविदादाताओं द्वारा आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) एवं अग्रधन राशि (EMD) मूल रूप (Hard Copy) प्राप्त नहीं हुआ, मात्र एक ही निवदादाता उपस्थित हुए ऐसी परिस्थिति में उक्त निविदा को खोलने का निर्णय नहीं लिया जाता है, अतएव उक्त निविदा रद्द करते हुए पुर्ननिविदा की अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

ह0– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी लातेहार। | ह0– जिला लेखा पदाधिकारी लातेहार। | ह0– सचिव–सह–अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार। | ह0– अध्यक्ष–सह–अपर समाहर्त्ता, लातेहार।

PR 375495 (Prison)25-26*D



**जिला गजट**
**समाहरणालय, लातेहार**

नगरपालिका निर्वाचन
शहरी स्थानीय निकाय

**जिला दण्डाधिकारी, लातेहार द्वारा प्रकाशित**

गजट संख्या – 39 दिनांक 16.03.2026

प्रपत्र – 23(ख)
(यथासंशोधित)
(नियम 110 देखिये)
**निर्वाचन परिणाम का प्रकाशन**
(~~उपमहापौर~~/उपाध्यक्ष के लिए)

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 110 के अनुसरण में मैं एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता हूँ कि नीचे दी गई अनुसूची के स्तंभ (1) में नामित व्यक्ति स्तंभ (2) में अंकित पद पर स्तंभ (5) में वर्णित शहरी स्थानीय निकाय के लिए सम्यक रूप से निर्वाचित हो गया है –

**अनुसूची**

| व्यक्ति का नाम | पद का विवरण | | | शहरी स्थानीय निकाय जिससे पद संबंधित है (निर्वाचन क्षेत्र संख्या/नाम सहित) |
|---|---|---|---|---|
| | पद | आरक्षित/अनारक्षित | महिला/अन्य | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| संतोष रंजन कुमार | उपाध्यक्ष | अनारक्षित | अन्य | III लातेहार/06 लातेहार नगर पंचायत |

स्थान – लातेहार
तिथि – 14.03.2026

(उत्कर्ष गुप्ता)
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(नाम, हस्ताक्षर व मुहर)

PR 375483 Election (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा**

एक दिवसीय भर्त्ती–कैम्प, दिनांक– 20.03.2026

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 20.03.2026 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Sex | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Acme Education Solution Pvt.Ltd | Site in-Charge | 1 | Matric/Inter/ Graduate | 22-40 | 1 Year | Chatra | Male | 12,000 -15,000 | – |
| | | Civil Engineer | 1 | Diploma/B.Tech | 30-40 | 10 Yrs | Chatra | Male | 25,000 - 30,000 | – |
| | | General Duty Assistant Trainer | 4 | GNM/ B.Sc.Nursing | 18-35 | B.Sc (Nursing) With 2 Yrs Of Experience GNM With 3 Yrs of Experience | Dhanbad/Chatra/ Ranchi/Latehar/ Godda | Female/ Male | 12,000 - 16,000 | – |
| | | Civil Engineer | 3 | Diploma/B.Tech | 30-40 | 10 Yrs | Chhattisgarh | Male | 30,000 - 35,000 | – |
| 02 | Chaitanya India Fin Credit Pvt.Ltd | SFO (Field Officer) | 25 | $10^{th}$ to $12^{th}$ | 18-30 | Fresher | Hazaribagh | Male | 12,770 + Fuel +Incentive + Medication + Accamodation | – |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोट :– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 375501 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## ओलावृष्टि से 17 एकड़ में लगी फसल बर्बाद, लाखों की बर्बादी से कर्ज में डूबे किसान

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागाड़ा गांव में बीती रात आसमान से गिरे ओलों ने सिर्फ फसलें नहीं तोड़ीं, बल्कि किसानों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। 17 एकड़ में फैली तरबूज, खरबूज और खीरे की लहलहाती फसलें कुछ ही मिनटों में तबाही के मंजर में बदल गईं। लेकिन बड़ा सवाल यह है हर साल आपदा के बाद भी क्यों नहीं जागता प्रशासन। ओलों की मार या सिस्टम की हार रात के अंधेरे में आई इस तबाही ने गांव को हिला दिया। सुबह जब किसान खेत पहुंचे, तो वहां मौत जैसी खामोशी थी चारों तरफ बर्बादी, ओलों की सफेद चादर और जमीन पर बिखरी टूटी फसलें। क्या मौसम की मार से ज्यादा खतरनाक प्रशासन की बेरुखी नहीं, कर्ज लेकर बोए थे सपने अब क्या बेचें। पीड़ित किसान जयहिंद बाड़ा की आंखों में आंसू और आवाज में दर्द साफ झलकता है। 15 एकड़ में खेती की थी, 20 मजदूर के परिवार इसी पर निर्भर थे। कर्ज लेकर बीज डाले थे अब सब खत्म हो गया। यह सिर्फ एक किसान की कहानी नहीं, बल्कि पूरे बेलागाड़ा की हकीकत है।

**लाखों का नुकसान :** फसल बर्बाद, आमदनी शून्य और सिर पर कर्ज किसान अब दोहरी मार झेल रहे हैं। हर साल प्राकृतिक आपदा आती है, लेकिन क्या प्रशासन ने कभी पहले से कोई ठोस इंतजाम किया? फसल बीमा योजना का लाभ क्यों नहीं पहुंचता गांव तक क्या राहत सिर्फ कागजों में ही सीमित है।

**उबाल पर किसान :** गांव में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। युवा और किसान अब चुप बैठने के मूड में नहीं हैं। साफ चेतावनी दी गई है आपदा के बाद ही क्यों जागता है सिस्टम क्या किसानों की मेहनत की कोई कीमत नहीं? मुआवजा योजना जमीन पर कब उतरेगी? अब नजर प्रशासन पर क्या मिलेगा इंसाफ या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा।

## सजेगा ज्ञान और संस्कृति का संगम, "पुस्तक परब" को लेकर बैठक संपन्न

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आगामी पच्चीस मार्च दो हजार छब्बीस को बारवे उच्च विद्यालय मैदान में होने वाले "पुस्तक परब" के सफल आयोजन की रूपरेखा तय की गई। जानकारी देते हुए बुधवार सुबह ग्यारह बजे बताया गया कि इस वर्ष का आयोजन पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होगा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का विशेष समावेश रहेगा।बैठक में उप प्रमुख प्रमोद खलखो, बाल विकास परियोजना से अंजलि जी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शंकर भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सतेन्द्र प्रसाद, कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र तिर्की, तकनीकी पदाधिकारी, चैनपुर की मुखिया श्रीमती शोभा देवी, कतींग पंचायत की मुखिया मधुरा लकड़ा, विद्यालय प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग तथा टाटा स्टील फाउंडेशन एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई। तय हुआ कि पुस्तक स्टॉल के साथ बाल विकास, शिक्षा, शिशु गृह, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, कृषि, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। इसके अलावा स्थानीय समुदाय द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी तथा युवाओं द्वारा सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे।

## बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में सीएचओ का तीन दिवसीय योगा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**गुमला।** बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पतंजलि योगपीठ गुमला के योग विशेषज्ञ रुपेश सोनी ने कहा कि नियमित रूप से करें योग रहे निरोग। योग का नियमित अभ्यास से बिमारी कोसो दुर भागती है।आप निरोग रहते हैं। जो व्यक्ति बिमार है वह भी धीरे धीरे दवा छोड़ देते हैं। मास्टर प्रशिक्षण सह सीएचओ उर्सुला लकड़ा, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास कराया । प्रशिक्षण में सीएचओ को बच्चों के लिए योगाभ्यास, किशोरावस्था के लिए योगाभ्यास, अस्थमा प्रबंधन, कैंसर प्रबंधन, मधुमेह प्रबंधन, गर्भवती महिला के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य, स्ट्रोक प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, अवसाद प्रबंधन, अवसाद, वृद्धावस्था के लिए योग आदि के लिए विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी सीएचओ का परीक्षा लिया गया और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण के जिले के पैतिस सीएचओ शामिल हुई। यह प्रशिक्षण जिला स्वास्थ्य समिति गुमला द्वारा आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आंनद, कार्यक्रम सहायक वीणा कुजूर, मास्टर प्रशिक्षक सह सीएचओ उर्सुला लकड़ा, जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक दल रामाकान्त सिंह, योग शिक्षक तुलसी साहु, कम्प्यूटर आपरेटर संतोष पहान, सीएचओ सईफ आलम, सुभम कुमार, नीलमणि कुजूर, संध्या कुमारी मिर्धा, कुसूम अनिमा कुजूर, दीप सीखा तिग्गा, आनंदिता कुमारी, कुमारी दिव्या सिंह आदि उपस्थित थी।

## भरनो में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजित,7 यूनिट रक्त संग्रह

**भरनो।** उपायुक्त के निर्देशानुसार भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ अरुण कुमार सिंह एवं सीओ अविनाश कुजूर ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।शिविर में स्थानीय लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम के नेतृत्व में दो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। पूरे शिविर के दौरान कुल 7 यूनिट रक्त संग्रह किया गया,जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा।मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है।उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का छोटा-सा प्रयास किसी दूसरे व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की,ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए।वहीं सीओ अविनाश कुजूर ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाने का काम करते हैं और लोगों को मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा कि रक्तदान शिविर के माध्यम से न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराया गया,बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूती मिली। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के बीपीएम रविन्द्र कुमार,राणा चंदन सिंह, प्रवीण कुमार,अनीता कुजूर, प्रेम प्रसाद,कपिल गोप सहित सीएचसी भरनो एवं ब्लड बैंक गुमला के कई कर्मी उपस्थित थे,जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर संपन्न, 6 मरीजों का सफल ऑपरेशन

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया। शिविर में कुल 27 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई, जिनमें से 6 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। सभी चयनित मरीजों का सफल नेत्र ऑपरेशन रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. नवल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाएं, चश्मे उपलब्ध कराए गए तथा आंखों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। डॉ. नवल ने बताया कि आंखें शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, इसलिए उनकी नियमित जांच एवं सही देखभाल बेहद आवश्यक है। इस पूरे शिविर का संचालन सहायक नेत्र चिकित्सक आशीष कुमार के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की निगरानी क्लब के अध्यक्ष लायन मुरली मनोहर प्रसाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष (डॉक्टर) एमजेएफ लायन शंकर लाल जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता एवं शशि किरण जायसवाल द्वारा की गई। शिविर में ऑपरेशन कराए गए सभी मरीजों को आगामी मंगलवार, दिनांक 24 को पुनः जांच (री-चेकअप) के लिए बुलाया गया है, जहां उन्हें आवश्यक दवाएं एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### आगामी पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, तैयारियों की समीक्षा

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा की संयुक्त अध्यक्षता में आज अनुमंडल कार्यालय सभागार में आगामी ईद, रामनवमी, दुर्गा पूजा एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने पर्व स्थलों पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सभी चापाकलों को दुरुस्त रखने एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जलापूर्ति करने का आग्रह किया। नगर क्षेत्र एवं जुलूस मार्गों में नियमित साफ-सफाई, ब्लीचिंग एवं कचरा निष्पादन के लिए चलंत डस्टबिन एवं नाइट स्वीपिंग टीम की व्यवस्था करने की मांग की गई। देर रात तक आयोजित कार्यक्रमों के मद्देनज़र पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ठीक करने का सुझाव दिया गया। जुलूस मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता बताई गई। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि गुमला जिला आपसी सौहार्द और भाईचारे के लिए जाना जाता है, इसलिए सभी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि विद्युत विभाग ढीले तारों को दुरुस्त करे, पेड़-पौधों की छंटाई सुनिश्चित की जाए तथा नगर परिषद द्वारा सभी चिन्हित स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। जुलूस एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर स्वास्थ्य सुविधा, एम्बुलेंस एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक सूचना को साझा न करें। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने कहा कि सभी पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सघन पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति तथा सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। अवैध शराब, ब्लैक मार्केटिंग एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा बिना अनुमति किसी भी प्रकार का जुलूस/अखाड़ा आयोजित नहीं किया जाएगा। डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## डुमरी में भी ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से डुमरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने की जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का शामिल रहीं। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे इन त्योहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। साथ ही कहा कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट से बचें, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। वहीं प्रोसेसन में डीजे के प्रयोग से बचने की सलाह देते हुए लाइसेंस में अंकित किए गए रूठ पर ही जुलूस घुमाने की बात कहीं। वहीं प्रमुख जीवंती एक्का ने भी लोगों से अपील की है कि वे इन त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। मौके पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए, जिनमें मुखिया ज्योति बहेर, रेखा मिंज, नीलम एक्का, प्रदीप मिंज, जगरनाथ प्रसाद, ब्रजेंद्र पाण्डेय, अनिल ताम्रकार, सुभाष ठाकुर, शमीउल्लाह अंसारी सहित अन्य लोग एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

## विकास मंडल से जुड़कर महिलाएं बना रहीं अपनी अलग पहचान : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड स्थित एस.एस. हाई स्कूल मैदान में बुधवार को महिला विकास मंडल घाघरा का 18वां वार्षिक अधिवेशन भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी एवं घाघरा प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिलाएं शक्ति का साक्षात स्वरूप हैं, और आज का यह जनसैलाब इसका जीवंत प्रमाण है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब नारी अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी है और हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिला विकास मंडल से जुड़कर महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान भी स्थापित कर रही हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें संगठित होकर आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस दौरान महिला विकास मंडल घाघरा की अध्यक्ष सतवंती देवी ने मंडल की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया और वार्षिक लेखा-जोखा भी सभी के समक्ष रखा।

## धोबनी में सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट और जलमीनार का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के धोबनी गांव में बुधवार को ग्रामीण विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बाएफ संस्था द्वारा एचआरडीपी परियोजना के अंतर्गत सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट एवं जलमीनार का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस दौरान बदरी और धोबनी गांव में स्थापित दो सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट्स तथा धोबनी में जलमीनार का लोकार्पण किया गया। यह परियोजना बाएफ झारखंड द्वारा क्रियान्वित की जा रही है, जिसे एचडीएफसी बैंक के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में करीब 100 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी ने कहा, सोलर लिफ्ट इरिगेशन यूनिट और जलमीनार गांवों के लिए गेमचेंजर साबित होंगे। इससे खेती को नई ताकत मिलेगी, उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीणों की आय में सीधा इजाफा होगा। उन्होंने आगे कहा, रोजगार के अवसर बढ़ने से पलायन पर भी रोक लगेगी। जलमीनार में लगे आरओ सिस्टम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलेगा, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। डीडीसी ने बाएफ संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों से गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि एचआरडीपी परियोजना के तहत 17 गांवों में किए जा रहे विकास कार्यों से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और पलायन में कमी आई है।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Garhwa**
**E-mail: esegarhwa@yahoo.in**

**E-Tender extension Notice**

Due to unavoidable reason, **e-NIT No. 423/PR/JBVNL/2025-26** is hereby extended.
Details are as below:-

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 20.03.2026 3:00 PM to 30.03.2026 at 2:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 30.03.2026 at 2:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 31.03.2026 at 2:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | ESE, Electric Supply Circle, Garhwa |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR No. 374663**

Sd/-
Electrical superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 375479 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D


### भरनो में डीटीओ ने चलाया जांच अभियान

# वाहनों के परमिट और फिटनेस की जांच 2.80 लाख रुपए का वसूला गया जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना चेकपोस्ट के समीप बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां राजस्व संग्रहण हेतु यह अभियान चलाया गया।इस बड़ी कार्रवाई में विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर कुल 2 लाख 80 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना काटा गया। अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को ढोने वाले वाहनों (बस और वैन) की गहनता से जांच की गई। सभी वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और दस्तावेजों की कमी पाई गई। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच के घेरे में आए सभी वाहन चेकिंग के दौरान केवल बसें ही नहीं, बल्कि हर श्रेणी के वाहनों को रोककर उनके कागजात और सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। टेंपो और कार व्यावसायिक परमिट और फिटनेस की जांच की गई। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया गया। व्यावसायिक रूप से चलने वाले कई वाहन बिना वैध परमिट के सड़कों पर दौड़ते मिले। कार्रवाई के दौरान डीटीओ श्री जायसवाल ने वाहन चालकों और मालिकों को को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

भरनो में आज की कार्रवाई एक ट्रेलर है। हम उन सभी वाहन मालिकों को चिन्हित कर रहे हैं जो बिना इंश्योरेंस और परमिट के वाहन चला रहे हैं। इस वाहन जांच अभियान में भरनो थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## गड़ीटोली के पास तेज रफ्तार अज्ञात बाइक की टक्कर, तीन किशोर घायल, दो की हालत गंभीर

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसंग थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन किशोर घायल हो गए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यह घटना गड़ीटोली के समीप करीब 3 बजे उस समय हुई, जब सामने से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार सुरसंग थाना क्षेत्र के भेलवाडीह निवासी विश्वनाथ सिंह (18 वर्ष), शिवानंद सिंह (16 वर्ष) और परमानंद सिंह (16 वर्ष) एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर से सुरसंग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गड़ीटोली के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों किशोर सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में विश्वनाथ सिंह और परमानंद सिंह को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि शिवानंद सिंह भी घायल हुआ है। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से 108 एंबुलेंस को बुलाया गया, जिसके जरिए सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल, गुमला में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार गंभीर रूप से घायल दोनों किशोरों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सोलर प्लांट का उद्घाटन व महिला सम्मेलन का आयोजन

**गुमला।** डीडीसी दिलेश्वर महत्तो द्वारा घाघरा प्रखंड अंतर्गत बदरी पंचायत में बायाफ संस्था एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से निर्मित सोलर प्लांट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास संस्था के 18वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित महिला सम्मेलन में भी सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक विकास के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने एवं सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE),चतरा।**
**Email Id- principalitikishanpur@gmail.com**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025 में Private candidate के नामांकन से संबंधित सूचना।**

01. झारखण्ड सरकार के NCVTके अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE), चतरा में DGT के पत्रांकः–**DGT-MIS011/14/2022-TC Section,** दिनांकः–25.02.2026 **E# 71015,** दिनांकः–25.02.2026 एवं निदेशालय श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांकः–358, दिनांकः–16.03.2026 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025 के विभिन्न व्यवसाय में **Private candidate** के नामांकनके लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे **Spot Round Admission** के तहत दिनांकः–20.03.2026 तक First Come First Serve के आधार पर निम्न व्यवसाय में नामांकन हेतु आमंत्रित किये जाता है।

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | कुल सीट | कुल रिक्त सीट | कोटीवार रिक्त सीटों की संख्या | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | EWS | PH | |
| 01 | विद्युत (Electrician) | 20 | 3 | 2 | 1 | |
| 02 | फिटर (Fitter) | 20 | 2 | 1 | 1 | |

02.
(क) शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए नामांकनहेतु व्यवसायवार कुल सीटों के अधिकतम 10 प्रतिशत सीटों पर हीं Category I,III एवं IV अन्तर्गत अच्छादित Private candidate का नामांकन लिया जा सकता है।
(ख) Category II में नामांकन हेतु व्यवसायवार कुल सीटों के अधिकतम 10 प्रतिशत सीटों पर नामांकन की बाध्यता नहीं है।
(ग)अन्य अहर्ताजो DGT द्वारा निर्देशित है।
03.Eligibility Criteria for Private Candidates
I.Catogery I :- Ex-Trainees (Successfully Pass-Out) of ITI (As per Anexture-III)
II.Catogery II :-Ex-Trainees (Successfully Pass-Out) and current trainees under CoE scheme (As per Anexture-IV)
III.Catogery III :-SCVT Candidates (admitted till August-2018 session(As per Anexture-I & V)
IV.Catogery IV :-Other Candidates (Candidates not falling in any of the above 3 categories including SCVT trainees enrolled from admission session 2019 onwards)
नमांकन की अंतिम तिथिः–20.03.2026
Catogery wise अहर्ता के संबंध में संपूर्ण जानकारी हेतु अपने निकटतम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संपर्क किया जा सकता है।
विस्तृत विवरणी एवं अधिसूचना को Jharkhandके ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Home Page** में **Latest News** एवं **Notification Tab** में देखा जा सकता हैं।

प्रभारी प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE), चतरा

PR 375536 Labour Employment and Traning(25-26)D


### गुमला में पीवीटीजी सहियाओं का तीन दिवसीय पीएलए प्रशिक्षण संपन्न

# मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में पीभीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) सहियाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय पीएलए (भागीदारी आधारित अधिगम एवं कार्रवाई) प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण चेटर स्थित धीरजचंद्र स्मृति भवन में आयोजित किया गया, जिसमें चैनपुर प्रखंड की 40 सहियाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण का समापन जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद एवं जिला आशा फैसिलिटेटर सह राज्य प्रशिक्षक रामाकांत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अभिनित आनंद ने कहा कि पीएलए एक प्रभावी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने सहियाओं से अपील की कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई जानकारियों को अपने-अपने गांवों में प्रभावी रूप से लागू करें।

वहीं, रामाकांत सिंह ने कहा कि पीएलए बैठकों में समुदाय के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। यदि इन बैठकों का नियमित आयोजन किया जाए तो टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड आशा फैसिलिटेटर जीवंती कुमारी एवं पीभीटीजी फैसिलिटेटर बलासियुस, शंकर कोरबा और बिरसाई कोरबा द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बैठक संख्या 25 (प्रजनन मार्ग संक्रमण, यौन संक्रमण एवं एचआईवी/एड्स की रोकथाम), बैठक संख्या 26 (क्षयरोग की रोकथाम एवं प्रबंधन) तथा बैठक संख्या 27 (कोरोना महामारी के बाद पोषण से संबंधित स्थिति) पर प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक अभ्यास कराया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 06/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 20.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 20.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 28.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 30.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Sadar Mediningar | Chiyanki | Construction of Boundary wall of Chiyanki Panchayat Bhawan with mast light and chabutara. | 1869200 | 37384 | 5000 | 03 माह | 01/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | Sadar Mediningar | Chiyanki | Construction of Kitchen shed (1 Unit) in chiyanki Panchayat Building at Palamu District. | 1691000 | 33820 | 5000 | 03 माह | 02/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 3 | Chainpur | Purbdiha | Construction of Boundary wall of Purbdiha Panchayat with high mast light. | 1204100 | 24082 | 5000 | 03 माह | 03/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 4 | Chainpur | Purbdiha | Construction of Meeting hall with supplying interior items. | 2007807 | 40156.14 | 5000 | 03 माह | 04/2025-26/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. भवन प्रमण्डल, पलामू एवं आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,मेदिनीनगर पलामू

PR 375517 District(25-26).D

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

# अकेला पड़ते अड़ियल अमेरिका व निडर ईरान के बीच भारत का स्वदेशी विकल्प

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिका के ईरान पर हमले को परमाणु खतरे के नाम पर वैश्विक समर्थन तो दूर नाटो सहयोगी देशों ने भी अमेरिका से दूरी बना ली है । ईरान झुकेगा नहीं और अमेरिका रुकेगा नहीं इसलिए युद्ध रुका नहीं है जिससे होर्मुज जलडमरुमध्य के रस्ते जाने वाले 20% वैश्विक ईंधन सप्लाई के बाधित होने के कारण भारत में बीते कुछ दिनों से एलपीजी गैस का संकट मंडरा रहा है। अलग-अलग शहरों में लोगों को घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर के लिए दौड़भाग करनी पड़ रही है। इस बीच भारत के सीएसआईआर की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला ने जल्द एलपीजी का विकल्प कहे जाने वाले डाई-मिथाइल ईथर का उत्पादन औद्योगिक स्तर पर ले जाने की बात कही है। युद्ध का फिलहाल कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति साफ कर चुके हैं कि इस संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका की अपनी शर्तें होंगी तो वहीं ईरान भी पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले रोकने के लिए अपनी शर्तें सामने रख चुका है। ऐसे में माना जा रहा है कि बिना किसी ठोस मध्यस्थता के दोनों देशों के बीच युद्र नहीं रुकेगा। हालांकि, इस युद्ध के लंबे खिंचने का असर अब दुनियाभर की ऊर्जा जरूरतों के साथ भारत पर भी पड़ेगा ही । भारत में भी भले ही मौजूदा समय में तेल की कमी की शिकायतें न आ रही हों, लेकिन एलपीजी सिलेंडर गैस को लेकर लंबी लाइनें और जमाखोरी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इस बीच वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला (एनसीएल) ने कहा है कि वह एलपीजी संकट को देखते हुए अब डाई-मिथाइल ईथर (डीएमई) को कुकिंग गैस के विकल्प के तौर पर बढ़ावा देगा। सीएसआईआर-एनसीएल के मुताबिक, डीएमई के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की गई है और कुछ ही महीनों में संस्थान औद्योगिक स्तर पर इसका उत्पादन शुरू कर सकता है। सीएसआईआर-एनसीएल के इस एलान के बाद एलपीजी संकट का सामना कर रहे लोगों में एक आशा की किरण जगी है। हालांकि, भारत में यह तकनीक काफी पहले से मौजूद होने के बाद इसका उत्पादन आज तक औद्योगिक स्तर पर बढ़ाया नहीं जा सका। डीएमई को मुख्य रूप से मेथनॉल से तैयार किया जाता है। इस मेथनॉल को प्राकृतिक गैस, कोयला, कृषि अपशिष्ट (बायोमास), या कैप्चर किए गए कार्बन डाइऑक्साइड से प्राप्त किया जा सकता है। दबाव डालने पर यह गैस आसानी से तरल अवस्था (लिक्विफाइड) में बदल जाती है, जिससे इसे स्टोर करना आसान होता है। डाई-मिथाइल ईथर के गुण काफी हद तक एलपीजी से मिलते-जुलते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए एलपीजी में 20% तक डाई-मिथाइल ईथर मिलाने को मंजूरी दी है। हालांकि, इसके उत्पादन को अब तक औद्योगिक स्तर पर बढ़ाया नहीं जा सका है। डीएमई का सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर कुल एलपीजी में आठ फीसदी को डीएमई की ब्लेंडिंग की जाए तो घरों में मौजूद गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, गैसकेट, घरेलू पाइप या बर्नर में किसी भी बदलाव की जरूरत नहीं होती है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा और एलपीजी की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए आठ फीसदी एलपीजी की जगह स्वदेशी डीएमई का इस्तेमाल करने से देश को सालाना लगभग 9,500 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर 10.5 करोड़ उज्ज्वला एलपीजी कनेक्शन्स में आठ फीसदी एलपीजी को मिलाया जाएगा तो भारत को हर दिन करीब 1300 टन डीएमई के उत्पादन की जरूरत होगी। डीएमई पारंपरिक ईंधनों की तुलना में बहुत साफ जलता है। इसके जलने पर कालिख आनी सूट नहीं बनती और नाइट्रोजन ऑक्साइड , सल्फर ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन बहुत कम होता है, जो कि इसे कम प्रदूषण वाली गैस भी बनाता है। घरेलू ईंधन के अलावा, इसे ऑटोमोटिव ईंधन (गाड़ियों में), एयरोसोल प्रोपेलेंट के तौर पर और अलग-अलग रसायनों के उत्पादन में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।सीएसआईआर-एनसीएल में में डाई-मिथाइल ईथर को लेकर तैयारियां लंबे समय से चल रही हैं। भारत में डीएमई के उत्पादन की स्वदेशी तकनीक को 2020 से ही तैयार कर लिया गया था। अक्तूबर 2020 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पुणे स्थित नेशनल केमिकल लेबोरेटरी में 'अदिति ऊर्जा संच' यूनिट और 20-24 किलो प्रतिदिन क्षमता वाले देश के पहले डीएमई पायलट प्लांट का उद्घाटन किया था। इस तकनीक को आगे बढ़ाते हुए डीएमई का उत्पादन औद्योगिक स्तर पर करना भी तय हुआ था। बीते करीब छह वर्षों में सीएसआईआर एनसीएल की पेटेंट हो चुकी स्वदेशी तकनीक से डीएमई उत्पादन 250 किलो प्रतिदिन के पायलट प्लांट तक ही बढ़ा पाया है। यानी मौजूदा जरूरत के मुकाबले बेहद कम।डीएमई के उत्पादन को प्रयोगशाला से निकालकर बड़े व्यावसायिक और औद्योगिक स्तर पर ले जाने के लिए भारत में कई अहम योजनाएं शुरू की गई हैं। देश में एलपीजी संकट पैदा होने के बाद खुद सीएसआईआर की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि वह अब एक प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग पार्टनर के साथ मिलकर अगले छह से नौ महीनों के अंदर ढाई टन प्रतिदिन क्षमता वाला एक औद्योगिक प्रदर्शन प्लांट स्थापित करने की योजना बना रहा है। इस प्लांट की सफलता के बाद 100 से 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाले बड़े कमर्शियल प्लांट स्थापित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके लिए सरकारी एजेंसी प्रमुख सरकारी तेल कंपनियों और बायोएनर्जी कंपनियों के साथ साझेदारी की संभावनाएं भी तलाश रही है। गोदावरी बायोरेफाइनरीज लिमिटेड (जीबीएल) ने आईसीटी मुंबई के साथ मिलकर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जहां कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन को मिलाकर सीधे डीएमई बनाया जा रहा है। वर्तमान में 10 लीटर प्रतिदिन उत्पादन वाले इस पायलट प्लांट को आने वाले वर्षों में 10 टन प्रतिदिन की क्षमता तक बढ़ाने का लक्ष्य है। पर घूम फिरकर बात वहीँ पहुंचती है कि अगर वियतनाम की तरह अड़े ईरान से युद्ध लंबा खिंचा या रूस-यूक्रेन की ही तरह चार वर्ष ही चलता रहा तब क्या होगा ? भारत को विकसित देश बनाने की बात चल रही है ऐसे में आत्मनिर्भर होना इसकी पहली शर्त होगी जिसमें बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत और वर्तमान संकट से देश को बचाना जरुरी है अन्यथा भारत विरोधी तत्वों से लेकर राजनीतिक रोटियां इसमें सेंकनी शुरू हो जाएगी।

# भारतीय नवसंवत्सर का स्वर्णिम आरंभ

आज की बात



महेंद्र तिवारी

हिंदू नववर्ष का आधार विक्रम संवत है, जो एक प्राचीन कालगणना प्रणाली है और आज भी भारत तथा नेपाल के कई भागों में प्रचलित है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित होता है, इसलिए इसे लूनी सोलर कैलेंडर कहा जाता है




हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति का वह जीवंत प्रतीक है, जो केवल समय के परिवर्तन का संकेत नहीं देता, बल्कि जीवन के मूल्यों, परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का संदेश भी लेकर आता है। जब चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आती है, तब यह केवल एक तिथि नहीं रहती, बल्कि एक नई शुरुआत का उद्घोष बन जाती है। भारतीय पंचांग के अनुसार यही वह क्षण है जब एक नए संवत्सर का आरंभ होता है और प्रकृति स्वयं नवजीवन के रंगों से भर उठती है। यह नववर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर की तरह केवल गणनात्मक नहीं, बल्कि प्रकृति, खगोल और मानव जीवन के गहरे संबंधों पर आधारित है।

हिंदू नववर्ष का आधार विक्रम संवत है, जो एक प्राचीन कालगणना प्रणाली है और आज भी भारत तथा नेपाल के कई भागों में प्रचलित है। यह पंचांग चंद्र और सूर्य दोनों की गति पर आधारित होता है, इसलिए इसे लूनी सोलर कैलेंडर कहा जाता है। इसकी विशेषता यह है कि यह प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए समय-समय पर अतिरिक्त माह अर्थात अधिमास को भी जोड़ता है, जिससे ऋतुओं और पर्वों का संतुलन बना रहे। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण दर्शाता है कि भारतीय ऋषियों ने समय की गणना को केवल गणित नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के समन्वय के रूप में देखा था। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण प्रारंभ किया था, इसलिए यह दिन सृष्टि के आरंभ का प्रतीक भी माना जाता है। यही कारण है कि हिन्दू नववर्ष को केवल सामाजिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन मनुष्य को अपने जीवन की दिशा पर पुनर्विचार करने, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने और आत्मशुद्धि का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

वर्ष 2026 में हिन्दू नववर्ष 19 मार्च को प्रारंभ होकर विक्रम संवत 2083 का आरंभ करता है, जो एक विशेष वर्ष भी माना जा रहा है क्योंकि इसमें अधिमास के कारण 13 महीने होंगे। यह तथ्य इस बात को और भी रोचक बनाता है कि भारतीय कालगणना कितनी सूक्ष्म और वैज्ञानिक रही है। यह नववर्ष वसंत ऋतु के आगमन के साथ आता है, जब प्रकृति में नवपल्लव फूटते हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में एक नई ताजगी का संचार होता है। यह दृश्य स्वयं इस बात का प्रतीक है कि जीवन में परिवर्तन और नवाचार अनिवार्य हैं। भारत की सांस्कृतिक विविधता इस पर्व में अत्यंत सुंदर रूप से झलकती है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है, जैसे महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी, बंगाल में पोइला बैसाख और सिंधी समाज में चेती चांद। नाम भले ही अलग हों, परंतु सभी में एक ही भावना निहित है नई शुरुआत, समृद्धि और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का स्वागत। यही विविधता भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है, जो एकता में अनेकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

हिंदू नववर्ष का उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को भी सुदृढ़ करता है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, नए वस्त्र धारण करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार के साथ मिलकर विशेष भोजन का आनंद लेते हैं। घरों को फूलों, आम के पत्तों और रंगोली से सजाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक होता है। यह सब केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया भी है, जो व्यक्ति को पुराने नकारात्मक अनुभवों को छोड़कर नए सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस पर्व का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका आध्यात्मिक स्वरूप है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ भी इसी दिन से होता है, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जाती है। यह साधना केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन, संयम और आत्मबल को विकसित करने का माध्यम है। उपवास, ध्यान और जप के माध्यम से व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित करना सीखता है और जीवन के गहरे अर्थ को समझने का प्रयास करता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन का भी अवसर है।

हिंदू नववर्ष हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत होता है। बीते हुए वर्ष की गलतियों और अनुभवों से सीख लेकर हम नए वर्ष में बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह पर्व हमें आशा, विश्वास और सकारात्मकता का संदेश देता है। यह हमें यह याद दिलाता है कि समय चक्र निरंतर चलता रहता है और हर नया वर्ष हमें स्वयं को सुधारने और आगे बढ़ने का अवसर देता है। आधुनिक समय में जब वैश्वीकरण और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, हिन्दू नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और हमारी पहचान को मजबूत करता है। यह युवा पीढ़ी को यह समझने का अवसर देता है कि हमारी परंपराएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक हैं।

इसके साथ ही, यह पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देता है। वसंत ऋतु में शरीर और मन दोनों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जिसे आयुर्वेद में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। इस समय वातावरण शुद्ध होता है, सूर्य की किरणें शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं और जीवन में संतुलन स्थापित करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार हिन्दू नववर्ष केवल धार्मिक या सांस्कृतिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आज के डिजिटल युग में भी हिन्दू नववर्ष अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पर्व नई पीढ़ी तक पहुंच रहा है और लोग इसे नए उत्साह के साथ मना रहे हैं। यह परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का उदाहरण है, जहां प्राचीन मूल्य आधुनिक साधनों के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। अंततः हिंदू नववर्ष एक ऐसा पर्व है, जो हमें जीवन के मूल सिद्धांतों की याद दिलाता है—संतुलन, संयम, सकारात्मकता और निरंतर विकास। यह केवल एक तिथि का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर है। जब हम इस दिन नए संकल्प लेते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में भी एक कदम होता है।

इस नववर्ष पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को संजोकर रखेंगे और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। यही हिन्दू नववर्ष का वास्तविक संदेश है नवीनता के साथ परंपरा का सम्मान और जीवन में संतुलन का मार्ग। यही वह सवेरा है, जो केवल एक वर्ष का नहीं, बल्कि पूरे जीवन का मार्गदर्शन करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# अपना आदर-सत्कार करना सीखें



स्वामी चिन्मयानंद

हम जो कुछ हैं, सो हैं। अपने काम की सफाई देने से कोई सफाई नहीं हो जाती। वह हमारे नित्य प्रति के कार्य के ऊपर एक बोझा ही बनता है। काम करो। समर्पण भाव से काम करो। अवश्य करो। इस प्रकार काम करते हुए हम अपने अंदर एक स्वतंत्रता का भाव उत्पन्न करें। वह व्यवहार की व्यस्तता में और ध्यान के आसन पर भी हमारी सहायता करेगा। हम चाहे भीड़ के बीच हों अथवा शान्त एकांत में अकेले बैठे हों, स्वतंत्रता और अभय की यह भावना अंदर से उठती रहे कि हम अपने विचार और कर्म से सीधे सच्चे और पक्के हैं। इस ज्ञान में स्थित हम सब कार्यकर्ताओं का एक संगठन तैयार होगा। उसका हर व्यक्ति ईश्वर भावना से पूर्ण और स्वच्छ आचरण में स्थित रहते हुए शुद्ध चरित्र की उच्चतम महानता प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहेगा। इसकी परीक्षा भी हमारे अंदर ही होगी। हम सब महानता का भाव लेकर जियें। हम अप्रतिम ऋषियों की संतान हैं। जो काम हम खुल कर नहीं कर सकते उसे छिपा कर भी न करें। हम अपना ही आदर-सत्कार करना सीखें। फिर अन्य लोग भी स्वभावत: ऐसे लोगों का आदर-सत्कार करेंगे। हम सब लोगों के अंदर गहरे में छिपी यह इच्छा है कि कोई सुंदर कार्य, कुछ महान कार्य, कुछ अद्वितीय कार्य करें जो सदा अमर रहे। यह हमारे हृदय में बैठे ईश्वर की पुकार है। वह हमारे व्यक्तित्व के नश्वर स्तर से हमें किसी अकथनीय ऊंचाई पर ले जा कर अनश्वर बनाना चाहता है। हमें ईश्वर की यह पुकार ध्यान से सुननी चाहिए। उसकी उपेक्षा करना उचित नहीं है। उसकी अवहेलना करना क्रूरता है। यह भगवान के पांचजन्य की आवाज है।

*-पुस्तक अवश्य करें से साभार*

# नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

वासन्तीय व शारदीय नवरात्रियों में भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन का विधान है। माता दुर्गा के नौ स्वरूपों को नवदुर्गा कहा जाता है, और इनकी पूजार्चना नवरात्रि काल में की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यतानुसार पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल पुष्प धारिणी वृषारूढा भगवती शैलपुत्री शक्ति, स्थिरता, शांति और नई शुरुआत का प्रतीक मानी जाती हैं। माता शैलपुत्री का रूप अत्यंत सौम्य और प्रभावशाली है, जिसके गहरे आध्यात्मिक अर्थ हैं।वे बैल पर सवार हैं, जो धर्म और अनुशासन का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि शक्ति को नियंत्रित और मर्यादित होना चाहिए।दाहिने हाथ का त्रिशूल तीन गुणों -सत्व, रज, तम और तीन तापों -दैविक, दैहिक, भौतिकपर नियंत्रण का प्रतीक है। बाएं हाथ का कमल कीचड़ में खिलने वाला कमल विकारों के बीच भी पवित्रता और शांति बनाए रखने का संदेश देता है। उन्हें चमेली का फूल अत्यंत प्रिय है।वासन्तीय व शारदीय नवरात्रि में क्रमशः चैत्र व आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन कलश स्थापना के बाद माता शैलपुत्री के विशेष पूजन का विधान है।इनका प्रार्थना मंत्र है-

***वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।***
***वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।***

मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन सफ़ेद कपड़े में चावल और मिश्री बांधकर "ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः" का जाप करने से घर में सुख और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। माता शैलपुत्री का स्वरूप केवल एक देवी का चित्रण नहीं है, बल्कि यह अडिग संकल्प, धैर्य और आध्यात्मिक आरोहण का प्रतीक है। नवरात्रि के प्रथम दिन इनकी आराधना से साधक अपनी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ मूलाधार चक्र से करता है। शैलपुत्री का स्वरूप वह आधार है, जहां से एक साधक की आध्यात्मिक यात्रा अर्थात शक्ति का जागरण शुरू होती है।

योग मार्ग में माता शैलपुत्री का संबंध मूलाधार चक्र से है, जो हमारे शरीर का आधार और ऊर्जा का केंद्र है। यह चक्र रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से में स्थित होता है और मानव चेतना का आधार है। योग साधना में इनका ध्यान करने से मूलाधार चक्र जागृत होने में सहायता मिलती है। इस चक्र को जाग्रत करने का अर्थ है- जीवन में स्थिरता, निडरता और आत्मविश्वास प्राप्त करना।इस साधना से मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है।मन का भटकना कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है।भय से मुक्ति, मृत्यु, असुरक्षा या भविष्य की चिंता का नाश होता है।पाचन तंत्र और हड्डियों की मजबूती में सहायक माना जाता है।कुण्डलिनी जागरण सात चक्रों की यात्रा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है।जैसे हिमालय पृथ्वी का आधार है, वैसे ही शैलपुत्री की पूजा साधक के भीतर आत्म-साक्षात्कार की नींव रखती है।पर्वत के समान अडिग मन प्राप्त करने के लिए उनकी स्तुति की जाती है।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार नव रात्रि के पहले दिन पूजी जाने वाली माता शैलपुत्री का संबंध औषधि जगत में हरड़से माना गया है। आयुर्वेद में हरड़ को प्राणदा अर्थात जीवन देने वाली और विजया अर्थात रोगों पर विजय पाने वाली भी कहा जाता है।जिस प्रकार माता शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं, उसी प्रकार उत्तम श्रेणी की हरड़ भी मुख्य रूप से हिमालय पर्वत क्षेत्रों में पाई जाती है। आयुर्वेद में हरड़ को मांके समान माना गया है। मान्यतानुसार जिस प्रकार माता अपने बच्चों का ध्यान रखती है, उसी प्रकार हरड़ शरीर के समस्त दोषों को दूर कर सुरक्षा प्रदान करती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

धरा वही, पानी वही, वही हवा है सा'ब।
क्या बदला है जो हुई, इतनी फिजां खराब।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# हर लड़ाई-टकराव में बेगुनाह मासूमों के जीवन पर ग्रहण

देश की बात



मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया भर में हर संघर्ष में सबसे बड़ी मार बचपन पर पड़ रही है चाहे इजरायल हमास गाजा का संघर्ष रहा हो चाहे सीरिया लेबनान ईरान में हुए टकराव सबसे बड़ी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। एशिया में बढ़ते युद्ध का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है.मौजूदा टकराव में कई सौ बच्चे मिसाइल हमलों से मौत की नींद सो चुके हैं जबकि लाखों बच्चे बेघर हो गए हैं वहीं लाखों बच्चों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है उनकी स्कूली शिक्षा में रुकावट आ गयी है और वह दहशत के साए में असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह सब इक्कीसवीं सदी की कथित शिक्षित विकासशील दुनिया में हो रहा है यह बता रहा है कि दुनिया का इंसान विज्ञान विकास और प्रगति के कितने भी दावे करे लेकिन वह सब बेमानी है जब कथित लोकतांत्रिक और ताकतवर देश दुनिया में हठधर्मी अराजकता फैलाए मनमाने टैरिफ वसूली करे तब दुनिया की अंतराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं सिर्फ बगले झांकने का काम कर रहीं हैं तब तमाम मानवतावादी विचार और मानवाधिकारों की बाते भोथरी और खोखली बेमानी बन कर रह जाती है। आपको बता दें संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ती हिंसा से लाखों बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी शांति की बात करते हुए युद्ध खत्म करने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इस दौरान एक अमेरिकी मिसाइल मीनाब के शजारेह तैयबा स्कूल पर जाकर गिरी थी। इस हमले में 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर छात्राएं थीं। इस हमले की पूरी दुनिया में खूब निंदा की गई थी। अमेरिका भी मामले की जांच कर रहा है। दुनिया भर में चर्चा चल रही है कि क्या ये युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है? आपको बता दें कि यूनिसेफ ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पूरे पश्चिम एशिया में बच्चों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है. एजेंसी के अनुसार 28 फरवरी से अब तक हिंसा में एक हजार एक सौ से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं या उनकी मौत हो गई है. इनमें से लगभग दो सौ बच्चों की मौत ईरान में हुई है। वहीं इक्यानबे बच्चों की मौत लेबनान में हुई है। इसके अलावा चार बच्चों की मौत इजरायल में और एक बच्चे की मौत कुवैत में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि अगर हिंसा इसी तरह बढ़ती रही तो मरने और घायल होने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ सकती है. संस्था ने यह भी बताया कि इस संकट के कारण लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बाधा के कारण पूरे क्षेत्र में लाखों बच्चे स्कूल से वंचित हो गए हैं, जबकि सैकड़ों हजारों बच्चे लगातार बमबारी के कारण विस्थापित हो गए हैं। अस्पतालों, स्कूलों और पानी और स्वच्छता प्रणालियों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे, जिन पर बच्चे का जीवन निर्भर हैं, दोनों पक्षों द्वारा हमले किए गए हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। बच्चों की हत्या और उन्हें अपंग करना, या उन जरूरी सेवाओं पर हमला कर बर्बाद करना, जिन पर बच्चे निर्भर हैं, किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। लगातार बमबारी के कारण लाखों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और सैकड़ों हजार बच्चे बेघर हो गए हैं.इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की हत्या या उन्हें घायल करना किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मां हिंगुला के चमत्कार की वजह से जलती है जगन्नाथ मंदिर की रसोई

**चैत्र नवरात्रि**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

19 मार्च में नौ अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देने के लिए आ रही हैं और देशभर के देवी मंदिरों में मां के स्वागत के लिए तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। ओडिशा में मां भगवती के कई रूपों की पूजा होती है लेकिन चैत्र नवरात्रि के आगमन के साथ मां भगवती को अग्नि के रूप में पूजा जाता है और इसका संबंध विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा है। हम बात कर रहे हैं मां हिंगुला मंदिर की, जो सिद्धपीठों में शामिल है। ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित मां हिंगुला मंदिर राज्य के बाकी मंदिरों से भव्य और मन को मोह लेने वाला है। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में मां की सोने से सजी प्रतिमा विराजमान है, जहां मां के चारों हाथों में अस्त्र और शस्त्र मौजूद हैं। नवरात्रि के नौ दिन मां के दिव्य श्रृंगार किए जाते हैं। खास बात यह है कि मां हिंगुला को अग्नि की देवी के रूप में पूजा जाता है। भक्त चैत्र नवरात्रि में मां के दर्शन करने के बाद भोग मंदिर में बने अग्निकुंड में डालते हैं। स्थानीय कथाओं की मानें तो मां हिंगुला का संबंध विश्व प्रसिद्ध पुरी के जगन्नाथ मंदिर से भी है। माना जाता है कि पुरी के राजा को भगवान जगन्नाथ ने स्वप्न में आदेश दिया था कि वे मां हिंगुला की पूजा करें ताकि जगन्नाथ मंदिर की अनूठी रसोई में प्रतिदिन आने वाले विशाल प्रसाद का प्रबंधन हो सके। ऐसा माना जाता है कि देवी पुरी की रसोई में पवित्र अग्नि के रूप में प्रकट होती हैं और यही कारण है कि चैत्र के महीने में मां हिंगुला के मंदिर में 'हिंगुला यात्रा' निकाली जाती है। यह यात्रा न सिर्फ आध्यात्मिकता का प्रतीक है, बल्कि इस लोक उत्सव में ओडिशा की संस्कृति की भी झलक देखने को मिलती है। चैत्र नवरात्रि में मां हिंगुला को समर्पित मेला भी लगता है, जिसमें भक्त नौ दिन तक भारी संख्या में मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



## नवरात्र विशेष : भगवती को अति प्रिय ये लाल फल



**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्र का पावन पर्व 19 मार्च से शुरू हो चुका है। इस दौरान भक्त मां दुर्गा की आराधना में विभिन्न फूल, फल और मिठाइयां चढ़ाते हैं, लेकिन शास्त्रों और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता रानी को लाल-लाल दानों वाला फल दादिमा अत्यंत प्रिय है। दादिमा या अनार का उल्लेख धर्म शास्त्रों में भी मिलता है, जिसके अनुसार सभी फलों में अनार देवी को सबसे अधिक प्रिय है। इसे अर्पित करने से सुख-समृद्धि, संतान सुख, आरोग्य और कर्ज मुक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा को अनार चढ़ाने की परंपरा बहुत पुरानी है, जो विशेष फलदायी माना जाता है। यह न केवल माता को प्रसन्न करता है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए भी लाभकारी साबित होता है। अनार की लालिमा शक्ति, जीवन ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक मानी जाती है। इसकी गहरी लाल रंगत मां दुर्गा की शक्ति और रौद्र रूप से भी जुड़ी हुई है। धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि में अनार चढ़ाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार में सौभाग्य बढ़ता है। कई भक्त इसे विशेष रूप से कर्ज से मुक्ति और आर्थिक समृद्धि के लिए अर्पित करते हैं। अनार को अखंड फल माना जाता है, जैसे नारियल या श्रीफल को बारह महीने का फल कहते हैं, वैसे ही अनार भी पूजा में अत्यंत शुभ फल है। अनार केवल धार्मिक महत्व का ही नहीं, बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर है। आयुर्वेदिक ग्रंथों और 12वीं शताब्दी के संस्कृत ग्रंथ 'मानसोल्लास' में अनार को पवित्र और अत्यधिक लाभकारी बताया गया है।

# दिल्ली के पालम की रामचौक मार्केट में आग से नौ लोगों की मौत, जांच के आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं।



### पालम अग्निकांड पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक, दो लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि मृतकों के आश्रितों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## मप्र के इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग पॉइंट में ब्लास्ट से मकान में लगी आग, 8 लोगों की मौत, चार घायल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में शॉर्ट सर्किट से आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।हादसे के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था, इसलिए किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे हालात और भयावह हो गए। वहीं, बिजली गुल होने से डिजिटल लॉकिंग सिस्टम बंद हो गया। कई लोग घर के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब चार बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर के भीतर फैल गई। हादसे के समय पुगलिया परिवार के घर में पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण कई सदस्य और रिश्तेदार एक साथ मौजूद थे। घर के अंदर दस से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आते ही सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया।

### पीएम ने इंदौर में आग लगने पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2 लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की।प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में आग लगने की घटना में हुई जान-माल की हानि से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में छठी कक्षा की छात्रा पर एसिड अटैक, आरोपी फरार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संगमनेर तहसील के वडगांव पान गांव में छठी कक्षा की एक 13 वर्षीय छात्रा स्कूल से साइकिल पर घर लौट रही थी। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास रास्ते में एक अज्ञात युवक ने अचानक उसके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। हमले से बच्ची का चेहरा और आंखें बुरी तरह झुलस गईं। गंभीर हालत में उसे तुरंत प्रवरानगर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हमलावर मौके से फरार हो गया और अभी तक पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। स्थानीय लोग और छात्राएं आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। यह वारदात राज्य में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है, क्योंकि ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने इसे बेहद निंदनीय और दिल दहला देने वाला बताया। वडेट्टीवार ने सरकार से सवाल किया कि राज्य में पुलिस का डर खत्म हो गया है क्या?

## पाक में 500 से अधिक लड़कियों का कराया जबरन धर्म परिवर्तन

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने 2021 से 2025 के बीच पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के एक चिंताजनक चलन की ओर ध्यान दिलाया है, जिसके तहत इस दौरान 515 मामले दर्ज किए गए। अलग-अलग आंकड़ों का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने बताया कि भले ही ये आंकड़े सिर्फ अंक लगें, लेकिन हर एक नंबर एक मानवीय त्रासदी को दिखाता है—"एक डरी हुई लड़की, एक तबाह परिवार, और एक ऐसा समुदाय जो लगातार डर के साए में जी रहा है।" रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों में 69 प्रतिशत हिंदू लड़कियां हैं, उसके बाद 31 प्रतिशत ईसाई समुदाय से हैं, जबकि कुछ मामले सिख लड़कियों के भी हैं।वीओपीएम ने कहा, "ये आंकड़े उन अल्पसंख्यक समुदायों की कमजोरी को दिखाते हैं जो पहले से ही समाज के हाशिए पर जी रहे हैं। जब किसी समुदाय के पास सामाजिक रसूख और संस्थागत सुरक्षा नहीं होती, तो उसके सबसे कमजोर सदस्यों -- खासकर युवतियों -- को अक्सर सबसे ज्यादा खतरों का सामना करना पड़ता है।"




पीड़ितों की उम्र को लेकर चिंता जताते हुए, इस मानवाधिकार संस्था ने बताया कि 52 प्रतिशत पीड़ित 14 से 18 साल के बीच के हैं, जबकि 20 प्रतिशत 14 साल से कम उम्र के हैं।संस्था ने कहा कि ऐसे मामलों के बाद अक्सर इंसाफ के लिए एक दर्दनाक संघर्ष शुरू होता है, जिसमें बेबस माता-पिता से कहा जाता है कि उनकी बेटी ने "धर्म बदल लिया है" या "अपनी मर्जी से शादी कर ली है"—जिससे यह गंभीर सवाल उठता है कि जब पीड़ित नाबालिग हों, तो उनकी मर्जी का मतलब क्या है? मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने ऐसे मामलों पर बार-बार चिंता जताई है।

# कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसद प्रद्युत बोरदोलोई, सीएम सरमा ने किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए नगांव से पार्टी सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बोरदोलोई का भाजपा में स्वागत किया। असम के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "आज, नगांव से मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने हमारी पार्टी में उनका स्वागत किया है। प्रद्युत बोरदोलोई नगांव लोकसभा से दो बार सांसद रह चुके हैं। वह तरुण गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस कैबिनेट में पूर्व मंत्री थे। इसके अलावा, वह एक पुराने कांग्रेसी हैं। कांग्रेस के साथ उनका जुड़ाव 1975 से है। इसलिए, भाजपा में उनके शामिल होने से हमारी पार्टी निश्चित रूप से और मजबूत होगी।" वहीं, प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा कि उनके पास कांग्रेस से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी की असम इकाई के भीतर उन्हें बार-बार अपमानित किया गया और वहां काम करने के लिए अनुकूल माहौल नहीं था। बोरदोलोई ने कहा, "यह फैसला दर्दनाक था, लेकिन इसे टालना मुमकिन नहीं था। यह कदम उठाते हुए मुझे दुख हो रहा है।



### कांग्रेस में आत्मसम्मान वाले व्यक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है: सीएम



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस नेता प्रद्युत बोरदोलोई का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि इस पुरानी पार्टी में अब 'आत्मसम्मान वाले व्यक्तियों' के लिए कोई जगह नहीं है। राजधानी में बोरदोलोई के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री सरमा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उनके इस कदम को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम बताया और कहा कि यह कांग्रेस नेताओं के दल-बदल के व्यापक रुझान को दर्शाता है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं प्रद्युत बोरदोलोई का भाजपा में हार्दिक स्वागत करता हूं।

### बोरदोलोई का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए अच्छा संदेश नहीं है : दिलीप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने पार्टी से किनारा कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। प्रद्युत बोरदोलोई के इस फैसले से पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गया है। प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने पर असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि यह कांग्रेस के लिए अच्छा संदेश नहीं है। कांग्रेस पार्टी में न तो नीति है और न ही कार्यकर्ताओं की बातों को सुना जाता है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि प्रद्युत बोरदोलोई का भाजपा में शामिल होना एक बहुत ही अहम संदेश है।

# टपोरी की तरह व्यवहार करते हैं राहुल गांधी, उन्हें अपनी बहन से सीखना चाहिए : कंगना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उनका व्यवहार महिलाओं को असहज करता है और उनमें शिष्टाचार की कमी है। संसद में राहुल गांधी के आचरण की आलोचना के बारे में सवालों का जवाब देते हुए, रानौत ने कहा कि हम महिलाओं को बहुत ज्यादा उन्हें देखकर असहज महसूस होता है, क्योंकि एकदम जैसे टपोरी की तरह वो आते हैं और किसी को भी 'ऐ तू' ऐसे करके, 'तू तड़ाक' करके बात करते हैं। अनियंत्रित तरीके से, 'टपोरी' की तरह, आक्रामक तरीके से बोलना और दूसरों को बीच में रोकना। जिस तरह से वह खुद को संचालित करते हैं वह बहुत असहज है। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए - लेकिन राहुल गांधी ऐसे नहीं हैं।राहुल गांधी के संसद परिसर में कथित आचरण को लेकर बढ़ते विवाद के बीच उनकी ये टिप्पणियां आई हैं। मंगलवार को 200 से अधिक पूर्व नौकरशाहों, राजनयिकों और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने एक खुला पत्र लिखकर उनके व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों ने संसद परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शनों, जिनमें सीढ़ियों पर प्रदर्शन और अनौपचारिक सभाएं शामिल हैं, की आलोचना करते हुए उन्हें अनुचित और स्थापित मानदंडों के विरुद्ध बताया।



### राहुल को मुद्दा बनाकर सुर्खियों में रहना चाहती हैं कंगना : राजा वारिंग



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके बर्ताव से महिलाएं असहज महसूस करती हैं। कंगना के बयान पर पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए राहुल गांधी पर कटाक्ष करती हैं और मुद्दा बनाती हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कंगना रनौत का राहुल गांधी पर बार-बार टिप्पणी करना गलत है।

### 'भाजपा सांसद कंगना को अपने बारे में भी जानना चाहिए' : असलम शेख



**मुंबई।** कांग्रेस नेता असलम शेख ने भाजपा सांसद कंगना रनौत के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर कड़ा पलटवार किया है। आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सांसद को अपने बारे में भी जानना चाहिए। बहुत ज्यादा पीछे जाने की जरूरत नहीं है। यह सामने आ जाएगा कि उनका बयान कितनी वैल्यू रखता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी टिकट देते समय व्यक्ति के बारे में जानकारी लेती है कि उसने किस तरह से काम किया है, कैसे सेवा की है।

## श्रीलंका में फ्यूल क्यूआर बना मुसीबत पुराना वाहनों को नहीं मिल रहा पेट्रोल

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका में दोबारा लागू किया गया नेशनल फ्यूल पास क्यूआर कोड सिस्टम अब विवादों में घिर गया है। बड़ी संख्या में वाहन मालिकों का कहना है कि वे अपना साप्ताहिक ईंधन कोटा नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि सिस्टम उनके वाहनों को अब भी पुराने मालिकों के नाम पर रजिस्टर्ड दिखा रहा है। श्रीलंका के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक डेली मिरर के अनुसार, सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिन्होंने सेकंड-हैंड वाहन खरीदे हैं। ऐसे वाहन मालिक नए क्यूआर कोड जनरेट नहीं कर पा रहे, क्योंकि ऑनलाइन पोर्टल यह दिखाता है कि वाहन पहले से किसी अन्य यूजर के नाम पर पंजीकृत है। इसके कारण वे अपने दैनिक कामकाज और यात्रा के लिए जरूरी ईंधन नहीं ले पा रहे हैं।लोगों का कहना है कि यह समस्या खासकर पुराने वाहनों में ज्यादा है, जबकि नए वाहन खरीदने वाले बिना किसी दिक्कत के रजिस्ट्रेशन कर पा रहे हैं। कई लोगों को सिस्टम में पुराने मालिक की जानकारी सत्यापित करने के लिए कहा जा रहा है, जो ज्यादातर मामलों में संभव नहीं है। समस्या उन वाहनों में और गंभीर हो जाती है, जो कई बार खरीदे-बेचे जा चुके हैं। ऐसे मामलों में, पहले के रजिस्ट्रेशन से जुड़े मोबाइल नंबर अब इस्तेमाल में नहीं हैं। जब नए मालिक रजिस्ट्रेशन की कोशिश करते हैं, तो उन्हें संदेश मिलता है कि वाहन पहले से रजिस्टर्ड है, जिससे प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाती। इस तकनीकी खामी के चलते कई वाहन मालिक अपने साप्ताहिक फ्यूल कोटा से वंचित रह रहे हैं।



## एक नजर

### केंद्र और राज्य में एनडीए सरकार होने से रोजगार बढ़ेंगे : राजीव रंजन प्रसाद



**पटना।** असम में कांग्रेस के भीतर चल रहे सियासी घमासान पर जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी पहले से ही कहती आ रही थी कि कांग्रेस के विधायकों का जनाधार कमजोर हो चुका है और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार घट रही है। राजीव रंजन ने आईएएनएस से कहा कि टीएमसी सरकार के फैसलों और जनप्रतिनिधियों के व्यवहार को लेकर लोगों में काफी नाराजगी थी। उन्होंने 'डैमेज कंट्रोल की असफल कोशिश' बताते हुए कहा कि इसका कोई फायदा नहीं होने वाला है। इससे उल्टा यह साफ हो गया है कि ममता बनर्जी ने खुद मान लिया है कि उनके विधायक जनता के बीच लोकप्रिय नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि अब लोग बदलाव चाहते हैं और भारतीय जनता पार्टी की ओर देख रहे हैं। अगर केंद्र और राज्य में एक ही गठबंधन की सरकार होगी, तो इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, फैक्ट्रियां खुलेंगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से कई उद्योग बंद पड़े हैं और लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है, जिससे जनता अब बदलाव के मूड में है।

### मीसा ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा पर विधायकों को खरीदने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव के नतीजों को लेकर सियासी दलों में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष लगातार भाजपा पर विधायक खरीदने का आरोप लगा रही है। विपक्ष का कहना है कि भाजपा जिस तरह से चुनाव जीत रही है, उससे लोकतंत्र को खतरा है। आरजेडी सांसद मीसा भारती ने पत्रकारों से कहा कि राज्यसभा चुनाव में खरीद-फरोख्त और धमकियों का इस्तेमाल किया गया। जिस तरह से चुनाव हो रहा है, वह सही नहीं है। ऐसे में लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, "कहीं न कहीं राजद समेत सभी विपक्षी दलों को आशंका है कि भाजपा ने अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल करके वोटिंग प्रभावित की है और इसमें कोई शक नहीं है। जैसा कि देखा जा सकता है, पांच सीटों के लिए चुनाव थे, लेकिन छह उम्मीदवार मैदान में थे। राजद का एक विधायक और कांग्रेस के तीन विधायक समय पर नहीं पहुंच सके और अपना वोट नहीं डाल पाए। वहीं, झामुमो सांसद महुआ माजी ने इस मामले में सवाल उठाते हुए कहा कि खरीद-फरोख्त खुलेआम हो रही है और जब चुनाव की बात आती है, तो ईडी व सीबीआई जैसी संस्थाएं सक्रिय नहीं होतीं। उन्होंने पूछा कि क्या ये संस्थाएं अब पक्षपाती हो गई हैं।

### सारा अली खान को केदारनाथ जाना ही क्यों चाहिए : हुसैन दलवई



**मुंबई।** महाराष्ट्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुसैन दलवई ने कहा कि अगर आस्था का प्रमाण देने पर ही केदारनाथ और बद्रीनाथ में दर्शन के लिए अनुमति दी जाएगी, तो मुझे लगता है कि फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान को वहां जाना ही क्यों है। अभिनेत्री सारा अली खान महादेव की परम भक्त मानी जाती हैं और वह अक्सर केदारनाथ धाम जाकर शिव का आशीर्वाद लेती हैं। इस बार उन्हें अपनी आस्था का प्रमाण देना होगा। बता दें कि केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए आने वाले गैर हिंदू श्रद्धालुओं को अपनी आस्था साबित करनी होगी, जिसके लिए हलफनामा देना होगा। बद्री-केदार मंदिर कमेटी के चेयरमैन हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अगर सारा अली खान भी केदारनाथ धाम दर्शन के लिए आती हैं, तो उन्हें भी सनातन धर्म में अपनी आस्था का हलफनामा देना होगा। इसके बाद ही उन्हें मंदिर में प्रवेश की अनुमति मिल सकेगी।

### भाजपा का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का कर रही है विरोध : संजय सरावगी



**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने वाराणसी में गंगा क्रूज इफ्तार पार्टी के वायरल वीडियो मामले पर आईएएनएस से बातचीत में कहा कि गंगा मां की गोद में ऐसे कृत्य की स्वीकार्यता नहीं हो सकती है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों से सचेत रहना चाहिए और अन्य लोगों को सीख लेनी चाहिए। गंगा के साथ किसी भी स्थिति में ऐसा कृत्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की स्वीकार्यता नहीं है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो अपनी पार्टी नहीं संभाल पा रहे है, क्या उनको लोकसभा का नेता प्रतिपक्ष रहने का अधिकार है। राहुल गांधी का लोकसभा में गैर-जिम्मेदाराना प्रदर्शन है। कई देशों में चल रहे संघर्ष पर देश के खिलाफ बोल रहे हैं। राहुल गांधी कितने लोगों की कार्रवाई करना चाह रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की स्थिति कांग्रेस कार्यकर्ता को रास नहीं आ रही है। भाजपा का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का विरोध कर रही है।

### अखिलेश यादव के शासनकाल में गुंडे, अपराधी और माफिया प्रदेश चलाते थे : केशव मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुझे 2016 और 2017 के वर्ष याद हैं। उस समय हमने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की अराजक सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हमारी सरकार पहले ही बन चुकी थी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के शासनकाल में गुंडे, अपराधी और माफिया प्रदेश चलाने का काम करते थे। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया था, प्रदेश का खजाना खाली कर दिया था। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि नौ वर्ष से वे सत्ता से बाहर हैं। सत्ता पाने के लिए गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। अखिलेश यादव जब सत्ता में थे तब इनको किसी की याद नहीं आई। उन्होंने सबके साथ छल किया,

### कांग्रेस एक अर्थहीन संपत्ति की तरह, जिसका कोई मूल्य और अहमियत नहीं: मुख्तार अब्बास



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मुझे लगता है कि उन्हें (ममता बनर्जी) पहले से ही पता है कि चुनाव में हारने वाली हैं। जब ऐसा होगा तो वे चुनाव आयोग के साथ खेल खेलना शुरू कर देंगे। आपको अपने किए का परिणाम भुगतना ही होगा। आज पश्चिम बंगाल की जनता कुशासन, भ्रष्टाचार और अपराध से तंग आ चुकी है। वे अब इस बोझ को सहन नहीं कर पा रहे हैं और इससे बोझिल महसूस कर रहे हैं। अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों पर अब्बास नकवी ने कहा, "अफगानिस्तान में जो कुछ भी हुआ है वह बेहद चिंताजनक है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# ईरान में संघर्ष कर रहे परवारों के लिए ताजिकिस्तान ने बढ़ाया मदद का हाथ

## 3,610 टन मानवीय सहायता भेजी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

युद्ध में लगातार संघर्ष कर रहे ईरान के लोगों के लिए ताजिकिस्तान ने बुधवार को 110 ट्रकों के काफिले में 3,610 टन मानवीय सहायता भेजी। ताजिकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, "कुल 3,610 टन सामग्री, जिसमें 45 टन दवाइयां, बड़ी मात्रा में स्वच्छता और हाइजीन उत्पाद, बच्चों के कपड़े, विभिन्न खाद्य पदार्थ, घरेलू सामान, बिस्तर, टेंट, निर्माण सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने पिछले सप्ताह प्रारंभिक आकलनों का हवाला देते हुए बताया था कि चल रहे संघर्ष के कारण ईरान में 6 लाख से 10 लाख परिवार, जो लगभग 32 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, अस्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं। यूएनएचसीआर के आपातकालीन और कार्यक्रम समर्थन निदेशक तथा मध्य पूर्व आपातकाल के लिए क्रॉस-रीजनल शरणार्थी प्रतिक्रिया समन्वयक ने कहा, "बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकांश लोग तेहरान और अन्य बड़े शहरी क्षेत्रों से देश के उत्तरी हिस्सों और ग्रामीण इलाकों की ओर सुरक्षा के लिए पलायन कर रहे हैं। जैसे-जैसे संघर्ष जारी है, यह संख्या बढ़ने की संभावना है, जो मानवीय जरूरतों में चिंताजनक वृद्धि को दर्शाता है। देश में रह रहे शरणार्थी परिवार, खासकर अफगान, भी प्रभावित हैं, जो पहले से ही अस्थिर स्थिति और सीमित सहायता के कारण अधिक कमजोर हैं। बढ़ती असुरक्षा और आवश्यक सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण परिवार प्रभावित क्षेत्रों को छोड़ रहे हैं। इसमें यह भी बताया गया कि ईरान, जो लंबे समय से लगभग 16.5 लाख शरणार्थियों (मुख्य रूप से अफगानिस्तान से) की मेजबानी कर रहा है, वहां अमेरिका-इजरायल हमलों के बाद पहले दो दिनों में ही लगभग एक लाख लोग तेहरान छोड़कर चले गए।

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने दावा किया था कि अमेरिका-इजरायल हवाई हमलों में कम से कम 1,332 ईरानी नागरिक, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, मारे गए हैं और हजारों लोग घायल हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इरावानी ने बताया कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है और 20 से ज्यादा स्कूलों को नुकसान पहुंचा है।

## रूस ने ईरानी नेताओं की मौत पर जताया खेद, क्रेमलिन बोला- ये अस्वीकार्य

**मास्को ।** रूस ने यूएस-इजरायल के ईरान पर किए जा रहे संयुक्त हमले की निंदा की है। क्रेमलिन का मानना है कि ये मौत नहीं शीर्ष नेताओं की "हत्या" है जो निंदनीय है। यह बयान ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारीजानी की एयरस्ट्राइक में मौत के बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों के पूछे गए सवाल पर कहा, "हम संप्रभु और स्वतंत्र ईरान के साथ-साथ अन्य देशों के नेतृत्व से जुड़े सदस्यों की सेहत को नुकसान पहुंचाने, या उनकी हत्या करने अथवा उन्हें खत्म करने के उद्देश्य से की गई किसी भी कार्रवाई की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। हम ऐसी कार्रवाइयों की भर्त्सना करते हैं। पेस्कोव ने कहा कि किसी संप्रभु देश के नेताओं को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने ऐसे हमलों को "अस्वीकार्य" बताया और तत्काल संघर्ष रोकने व बातचीत शुरू करने की अपील की। मंगलवार को, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी की मौत तेहरान में एक एयरस्ट्राइक में हुई। इस हमले में उनके बेटे और सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। लारीजानी ईरान के प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पहले संसद अध्यक्ष और परमाणु वार्ताओं में प्रमुख भूमिका निभा चुके थे। हाल के संघर्ष में वे देश की सुरक्षा और सैन्य रणनीति के केंद्र में थे। मंगलवार को ही आईडीएफ, रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज, और फिर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मौत का दावा किया था जिसकी बाद में ईरान ने पुष्टि की। लारीजानी के अलावा बसिज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी भी हमले का शिकार हुए थे। बुधवार को तेहरान में लारीजानी और बसिज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी के जनाजे में हजारों की संख्या में लोग जुटे।

## गैस नहीं मिलने से ठप हुई 'अटल रसोई': कैंटीन बंद, गरीबों की 5 रुपये की थाली पर संकट

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गरीब और दिहाड़ी मजदूरों के लिए शुरू की गई 'अटल कैंटीन' योजना पर गैस संकट का असर दिखने लगा है। एलपीजी की कमी के कारण राजधानी की कम से कम चार अटल कैंटीनों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है, जिससे रोज सस्ते भोजन पर निर्भर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के दिन 25 दिसंबर को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य शहर में काम करने वाले मजदूरों और निम्न आय वर्ग को सम्मान के साथ सस्ता भोजन उपलब्ध कराना था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिणी दिल्ली के नेहरू नगर स्थित प्रताप कैंप में पहली अटल कैंटीन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि यह पहल केवल भोजन उपलब्ध कराने की नहीं बल्कि गरीबों की गरिमा सुनिश्चित करने की कोशिश है।लेकिन हालात यह हैं कि राजधानी के नेहरू नगर, कालकाजी, अन्ना नगर (आईटीओ के पास) और आरके पुरम स्थित चार कैंटीनों में खाना बनना बंद हो गया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और आपूर्ति बाधित होने से एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर इन रसोइयों पर पड़ा है।'इंडियन एक्सप्रेस' की संवाददाता दृष्टि की रिपोर्ट के अनुसार जब इन कैंटीनों का दौरा किया गया तो कई जगह ताले लटके मिले। कालकाजी की कैंटीन के बाहर हाथ से लिखा नोट चिपका था—"गैस आने तक कैंटीन बंद रहेगी।"दरअसल, पिछले वर्ष शुरू हुई इस योजना के तहत पहले चरण में 45 अटल कैंटीन खोली गई थीं। बाद में सरकार ने इनकी संख्या बढ़ाकर 73 कर दी और पूरे शहर में 100 कैंटीन खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इन कैंटीनों में रोज दो समय भोजन परोसा जाता है—दोपहर 11:30 से 2 बजे तक और शाम 6:30 से 9 बजे तक। मात्र 5 रुपये में मिलने वाली थाली में सामान्यतः चावल, रोटी, दाल, सब्जी और अचार शामिल होता है।हालांकि गैस संकट के चलते पिछले दिनों कई कैंटीनों में आखिरी बार जो भोजन परोसा गया, उसमें केवल चावल और दाल ही उपलब्ध थी।जल विहार में रहने वाले 46 वर्षीय मजदूर सत्य मंडल बताते हैं कि वह रोजाना नेहरू नगर की कैंटीन में खाना खाते थे क्योंकि इससे उनका खर्च काफी कम हो जाता था। "परसों मैंने यहां खाना खाया था, लेकिन सिर्फ चावल और दाल मिली। सोमवार को आया तो कैंटीन बंद थी। अब होटल में खाना खा रहा हूं," उन्होंने कहा।स्थिति यह भी है कि कई मजदूर अपने घरों में खाना नहीं बना पा रहे हैं। मंडल का कहना है कि उनका गैस सिलेंडर खाली है और काले बाजार में एलपीजी 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है।कैंटीन की देखभाल करने वाली सीमा बताती हैं कि पिछले दो दिनों में करीब 200 लोगों को बिना खाना खिलाए लौटाना पड़ा। "यहां रिक्शा चालक, मजदूर और दिहाड़ी कामगार रोज आते हैं, लेकिन पिछले हफ्ते से ऐसे लोग भी बढ़ गए हैं जिनके घरों में गैस खत्म हो गई है," उन्होंने कहा।योजना को लागू करने वाली एजेंसी दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड के प्रधान निदेशक पी.के. झा के मुताबिक जिन कैंटीनों में ताले लगे हैं, वहां खाना बनाने वाली एजेंसी के पास व्यावसायिक गैस कनेक्शन है जिसकी आपूर्ति फिलहाल सीमित कर दी गई है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके।उन्होंने भरोसा दिलाया कि तेल विपणन कंपनियों के साथ बैठक कर समाधान तलाशा जा रहा है और जल्द ही इन कैंटीनों में सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली की अटल कैंटीनों में प्रतिदिन करीब 45 हजार लोगों को भोजन परोसा जाता है।फिलहाल गैस संकट ने इस योजना के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। शहर के गरीबों के लिए 5 रुपये की थाली सिर्फ सस्ती नहीं बल्कि पेट भरने का भरोसा भी थी—जो अब कुछ दिनों के लिए ठहर गई है।

## लेबनान पर इजरायली हमले में टीवी चैनल के निदेशक की मौत

**एजेंसी । बेरूत**

लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह से जुड़े टीवी चैनल अल-मनार के एक बड़े अधिकारी की मौत हो गई। अल-मनार टीवी ने बताया कि चैनल के राजनीतिक कार्यक्रमों के डायरेक्टर मोहम्मद शारी और उनकी पत्नी इस हमले में मारे गए। यह हमला बेरूत के जुकाक अल-ब्लात इलाके में किया गया। चैनल ने बताया कि हमले में मोहम्मद शारी के बच्चे और पोते-पोतियां भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेबनान ने कहा कि इजरायल ने



बुधवार तड़के बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत पर हमला किया, जिसमें करीब बारह लोग मारे गए; वहीं इजरायली सेना ने घोषणा की कि वह देश के दक्षिणी हिस्से को निशाना बना रही है।

## जापानी पीएम का यूएस दौरा: ट्रंप के साथ करेंगी अहम बैठक, 'रेयर अर्थ' और 'एआई' पर समझौते की उम्मीद

**एजेंसी । टोक्यो**

जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची बुधवार रात तीन-दिवसीय दौरे पर वाशिंगटन के लिए रवाना होंगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत करेंगी, जिसका उद्देश्य एशिया में अमेरिका के एक अनिवार्य साझेदार के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करना है। अक्टूबर 2025 में पदभार संभालने के बाद तकाईची की यह पहली अमेरिका यात्रा है, तो 8 फरवरी को प्रतिनिधि सभा चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक



पार्टी (एलडीपी) की जीत के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। जापान के सरकारी अधिकारियों के अनुसार, तकाईची और ट्रंप गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक करेंगे, जहां वे जापान-अमेरिका गठबंधन को और मजबूत करने और आर्थिक सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, बैठक के बाद गुरुवार को ही ट्रंप तकाईची के लिए एक 'वर्किंग लंच' और रात के खाने (डिनर) का आयोजन करेंगे; यह जानकारी जापान स्थित 'क्योटो न्यूज' ने दी है। अधिकारियों ने बताया कि "मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र" के प्रति जापान और अमेरिका की मजबूत प्रतिबद्धता, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और 'रेयर अर्थ' जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनके सहयोग पर भी, इस बैठक में चर्चा होने की संभावना है। टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर कई देशों के साथ अमेरिका के तनाव के बावजूद, दोनों नेता जुलाई में हुए द्विपक्षीय समझौते के सुचारू कार्यान्वयन की उम्मीद रखते हैं। इस समझौते के अनुसार, जापान ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, सेमीकंडक्टर और जहाज निर्माण जैसे रणनीतिक उद्योगों में अमेरिका स्थित परियोजनाओं में 550 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## ओमान की खाड़ी के पास इंडियन नेवी ने बढ़ाई अपने वॉरशिप की तादाद

### भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को कर रही है एस्कॉर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वेस्ट एशिया में युद्ध जैसे हालातों ने दुनिया भर में एनर्जी सिक्योरिटी पर संकट के बादल खड़े कर दिए हैं। भारतीय फ्लैग्ड टैंकरों को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' इलाके से आने की अनुमति है और वे आ भी रहे हैं। शिवालिक, नंदा देवी और 'जग लाडकी' भारतीय पोर्ट पर पहुंच चुकी हैं। इन तीनों जहाजों को भारतीय नौसेना ने सुरक्षित एस्कॉर्ट किया है। ओमान की खाड़ी के पास भारतीय नौसेना के 'मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट' के तहत 2019 से एक वॉरशिप हमेशा तैनात रहता है। लेकिन मौजूदा हालातों को देखते हुए नौसेना ने इसकी संख्या बढ़ा दी है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पहले इसकी संख्या 1 से बढ़ाकर 3 की गई थी।

अब इस इलाके में नौसेना के वॉरशिप की तादाद और बढ़ा दी गई है। हालांकि, यह संख्या कितनी बढ़ाई गई है, इसकी जानकारी साझा नहीं की गई है। इन वॉरशिप का काम भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित इलाके तक पहुंचाना है। भारत सरकार के मुताबिक, फिलहाल 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के पश्चिम में 22 भारतीय जहाज मौजूद हैं।

# उप्र में योगी बाबा ने अंडों पर तारीख डालना अनिवार्य किया

**ब्यूरो**



- **सिर्फ तारीख नहीं, नकली व 'स्टेरॉयड वाले' अंडों पर भी हो सख्ती**
- **मुर्गी का अंडा सामान्य तापमान पर 7 से 10 दिन तक ही सुरक्षित माना जाता है, फ्रीज़ में कुछ ज़्यादा**
- **एक हफ्ते बाद अंडे के अंदर बैक्टीरिया तेजी से बढ़ने लगते हैं, साल्मोनेल्ला जैसे बैक्टीरिया के कारण उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार व फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है**

**नई दिल्ली।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं , जिससे चर्चा ,खबरों व विवाद में बने रहते हैं। अपनी बात ,विचार और करनी तीनों से ही। फ़िलहाल योगी सरकार ने राज्य में जनता की सेहत को ध्यान में रखते हुए अंडों की बिक्री को लेकर नया नियम लागू करने का फैसला किया है। एक सप्ताह बाद 1 अप्रैल 2026 से उत्तर प्रदेश में बिकने वाले हर अंडे पर उत्पादन व एक्सपायरी डेट लिखना जरूरी होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुकानदार कई दिन या हफ्तों पुराने अंडों को "ताज़ा" बताकर न बेच सकें और उपभोक्ता खुद उसकी ताजगी जांच सकें।और मुर्गी का अंडा खाने वाले हिन्दू - मुसलमान या अन्य जाति के लोगों को टटका अंडा मिल सके। खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक मुर्गी का अंडा सामान्य तापमान पर करीब 7–10 दिन तक ही सुरक्षित माना जाता है, जबकि फ्रिज में रखने पर इसकी गुणवत्ता लगभग एक हफ्ते से कुछ ज्यादा दिन तक बनी रह सकती है। इसके बाद अंडे के अंदर बैक्टीरिया तेजी से बढ़ने लगते हैं। खासतौर पर साल्मोनेल्ला जैसे बैक्टीरिया के कारण उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार और फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों, बुजुर्गों व कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में यह संक्रमण ज्यादा गंभीर हो सकता है।हाल के वर्षों में बाजार में अंडों से जुड़ी मिलावट व धोखाधड़ी भी चिंता का विषय बन गई है। कई बार मुनाफे के लालच में कुछ व्यापारी बतख, टर्की या बटेर के अंडों को मुर्गी का अंडा बताकर बेच देते हैं। इन अंडों का आकार, पोषण और स्वाद अलग होता है, और अगर इन्हें ठीक से पकाया न जाए तो एलर्जी या पाचन संबंधी समस्या हो सकती है।इसके अलावा समय-समय पर "चाइनीज नकली अंडों" की खबरें भी सामने आती रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे नकली अंडे कथित तौर पर रसायनों से बनाए जाते हैं। यदि ऐसे अंडे बाजार में पहुंच जाएं तो इनमें पोषण लगभग नहीं होता और रासायनिक तत्व पेट और लीवर के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।पोल्ट्री सेक्टर में एक और चिंता मुर्गियों को स्टेरॉयड या हार्मोन जैसी दवाएं खिलाने को लेकर भी जताई जाती है, ताकि वे ज्यादा और बड़े अंडे दें। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे तरीकों से उत्पादित अंडों के लगातार सेवन से हार्मोन असंतुलन, मोटापा और मेटाबॉलिक समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ अंडे पर तारीख लिख देना पर्याप्त नहीं है। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बाजार में बिक रहे अंडों की गुणवत्ता, भंडारण और स्रोत की नियमित जांच हो। क्योंकि अगर अंडा सही तरीके से रखा नहीं गया या पहले से संक्रमित है, तो केवल डेट लिखे होने से उपभोक्ता पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो पाएंगे।यानी उपभोक्ताओं की सेहत की रक्षा के लिए जरूरी है कि अंडे पर तारीख के साथ-साथ सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी भी उतनी ही मजबूत हो।

## पाकिस्तान में 500 से अधिक लड़कियों का जबरन कराया गया धर्म परिवर्तन




**इस्लामाबाद ।** अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक प्रमुख संगठन ने 2021 से 2025 के बीच पूरे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के एक चिंताजनक चलन की ओर ध्यान दिलाया है, जिसके तहत इस दौरान 515 मामले दर्ज किए गए। अलग-अलग आंकड़ों का हवाला देते हुए, वॉयस ऑफ पाकिस्तान माइनॉरिटी (वीओपीएम) ने बताया कि भले ही ये आंकड़े सिर्फ अंक लगें, लेकिन हर एक नंबर एक मानवीय त्रासदी को दिखाता है-"एक डरी हुई लड़की, एक तबाह परिवार, और एक ऐसा समुदाय जो लगातार डर के साए में जी रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों में 69 प्रतिशत हिंदू लड़कियां हैं, उसके बाद 31 प्रतिशत ईसाई समुदाय से हैं, जबकि कुछ मामले सिख लड़कियों के भी हैं। वीओपीएम ने कहा, "ये आंकड़े उन अल्पसंख्यक समुदायों की कमजोरी को दिखाते हैं जो पहले से ही समाज के हाशिए पर जी रहे हैं।

*बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों कानूनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। चेक बाउंस से जुड़े एक पुराने मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में अहम सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने राजपाल यादव को फिलहाल जेल न भेजने का निर्णय लेकर बड़ी राहत दी है। सुनवाई के दौरान अभिनेता स्वयं कोर्ट में मौजूद रहे और उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वह पहले ही एक बड़ी धनराशि का भुगतान कर चुके हैं।*

## दोबारा जेल जाने से बचे राजपाल यादव

### चेक बाउंस केस में एक्टर को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत




सुनवाई की शुरुआत में राजपाल यादव के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। साथ ही, कोर्ट को बताया गया कि अभिनेता की अंतरिम जमानत की अवधि आज समाप्त हो रही थी। भुगतान के संबंध में जानकारी देते हुए वकील ने कहा कि 'मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को अब तक 4.25 करोड़ रुपये अदा किए जा चुके हैं और 25 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट आज जमा किया जा रहा है। इस पर अदालत ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि चूंकि अभिनेता ने पर्याप्त धनराशि का भुगतान कर दिया है, इसलिए उन्हें दोबारा जेल नहीं भेजा जा रहा है। कोर्ट रूम में मौजूद राजपाल यादव ने भावुक होते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2016 में जब डिक्री हुई थी, तब उन्हें 10.40 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया गया था। अभिनेता ने दावा किया कि उन्होंने भुगतान करने की पूरी कोशिश की और 2018 में अपने एक दोस्त की 28 करोड़ रुपये की संपत्ति के कागज भी पेश किए थे। राजपाल यादव ने एक दलील देते हुए कहा कि वह पहले ही 2 करोड़ रुपये दे चुके थे, लेकिन बाकी 8 करोड़ न दे पाने की स्थिति में दूसरी पार्टी ने उन्हें जेल भेजने की मांग की थी। अभिनेता ने तर्क दिया, 'मैंने उस 8 करोड़ रुपये की जगह जेल की सजा काट ली है। इसलिए तकनीकी रूप से वह पैसा अब खत्म हो जाना चाहिए क्योंकि मैं सजा पूरी कर चुका हूं।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि फिल्म में 5 करोड़ नहीं बल्कि 22 करोड़ रुपये लगे थे, जिसके चक्कर में उनके 17 करोड़ रुपये बर्बाद हो गए।

## पृष्ठ एक के शेष

**मंडल डैम विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर सांसद...**

उन्होंने कहा कि विस्थापित परिवारों को शीघ्र पुनर्वास एवं मुआवजा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वर्षों से लंबित मंडल डैम परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के पुनर्वास के बाद ही मंडल डैम का गेट लगाने का कार्य संभव हो पाएगा और उत्तरी कोयल परियोजना को पूर्ण रूप से संचालित किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र के सिंचाई एवं विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक संतोष तिवारी ने सांसद को आश्वस्त किया कि आगामी 24 मार्च 2026 को प्रस्तावित फॉरेस्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विस्थापित परिवारों के पुनर्वास से संबंधित प्रस्ताव पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी गई।

**वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड...**

का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का एकमात्र राज्य है, जिसने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को व्यापक रूप से लागू किया है। वर्ष 2019 में जहां भारत सरकार की सहायता से लगभग 11-12 लाख लोगों को पेंशन मिल रही थी, वहीं आज राज्य में सर्वजन पेंशन योजना से जुड़कर 36 लाख से अधिक लोग लाभ ले रहे हैं। हमने एकल महिलाओं और परित्यक्ता महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए उन्हें भी इस दायरे में शामिल किया। यह केवल योजना नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का उदाहरण है। हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 14,065 करोड़ का प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी झारखंड ने एक मिसाल कायम किया है। जहां कई राज्यों में यह केवल चुनावी वादा बनकर रह गया, वहीं हमने इसे धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंईयां योजना के तहत 20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड देश का वह राज्य है, जो अपने बजट का सर्वाधिक प्रतिशत महिलाओं और बच्चों पर खर्च कर रहा है। यह हमारे संकल्प का प्रमाण है। सीएम ने कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 14,065 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और कुल मिलाकर 34 हजार करोड़ रुपये महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यही असली राजनीति है। मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों और वंचित समाज के लोगों को आजीविका से जोड़ने के लिए जोहार परियोजना का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत अगले तीन साल में पूरे राज्य में सभी मंईयां और वंचित समाज के युवाओं में आजीविका और उद्यमिता को बढ़ाने के लिए खास तौर पर मंईयां बलवान योजना और मंईयां उद्यमी योजना को अलग-अलग समय में धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम इस पहल को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। युवाओं और महिलाओं को माइक्रो इंटरप्राइज शुरू करने के लिए 5 करोड़ रुपए तक का कैपिटल इसेंटिव देने की योजना पर हम काम कर रहे हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं की पलाश और आदीवा ब्रांड नाम से बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इन ब्रांड्स को और मजबूत बनाने के लिए हम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन से जोड़ते हुए आगे बढाएंगे। उन्होंने कहा कि हम मदद बांटने वाली सरकार नहीं हैं, बल्कि हम अवसर बनाने वाली सरकार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने एक कार्यकाल में तीन जेपीएससी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है। उन्होंने कहा कि तकनीक और विकास के क्षेत्र में सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे योजनाओं की निगरानी होगी। राज्य में आईटी पार्क और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी स्वच्छ ऊर्जा पर काम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए गुरुजी मेमोरियल बनाया जाएगा और कई ऐतिहासिक स्थलों को विकसित किया जाएगा। प्रवासी मजदूरों और नागरिकों की मदद के लिए अन्य राज्यों और विदेशों में सहायता केंद्र खोले जाएंगे।

**झारखंड में 'वीबी-जी राम-जी'...**

रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया। सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, 5 जनवरी 2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गइं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नए प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं के सशक्तिकरण पर असर पड़ेगा और पलायन बढ़ने की आशंका है। साथ ही इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

**झारखंड विस में गूंजा राशन डीलरों का...**

बनाने की दिशा में काम कर रही है। सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

**आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर...**

ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना में शामिल वाहन का नंबर जेएच01बीवी-1111 है और वाहन मालिक उमेश प्रसाद साहू का पुत्र सोनू कुमार ही कार चला रहा था। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त चालक अक्सर तेज गति से वाहन चलाता था और कई बार मना करने के बावजूद अपनी आदत में सुधार नहीं लाया। मासूम का शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने पाटन-मनातू-पदमा-तरहसी मुख्य मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई तथा आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही मनातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आक्रोशित भीड़ के साथ झड़प की घटना भी सामने आई, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों का प्राथमिक उपचार निजी अस्पताल में कराया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की पहल पर ग्रामीणों को समझाकर सड़क जाम हटवाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस मामले की जांच कर फरार चालक एवं वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

**तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ...**

होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल डाल्टनगंज ले जाने की व्यवस्था की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

**ड्यूटी के दौरान जवान ने...**

हालांकि आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित एसएसबी के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। जवान के साथियों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी। घटना के बाद मृतक जवान के परिवार में शोक का माहौल है, वहीं पूरे क्षेत्र में भी संवेदना व्यक्त की जा रही है। फिलहाल पुलिस और एसएसबी दोनों स्तर पर मामले की जांच जारी है।

**'डायन' बताकर वृद्ध को...**

बैठक में आरोप लगाया गया कि उनके पिता 'डायन' हैं और इसी कारण उनकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई है। आरोप है कि इसके बाद सभी लोगों ने मिलकर उनके पिता को जबरन पेशाब और मल मिलाकर पिला दिया। ब्रजेश मुंडा ने बताया कि बैठक के दौरान आरोपियों ने उनकी मां को भी जबरन मैला पिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने इसका विरोध किया। इसी दौरान गांव की जलसहिया हीना देवी ने भी इस कृत्य का विरोध किया, जिस पर आरोप है कि कृष्णा मुंडा ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें बैठक से भगा दिया। घटना के संबंध में जलसहिया हीना देवी के पति बिरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गई और बैठक से बाहर निकाल दिया गया। मामले को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में विस अध्यक्ष ने कहा

# सदन चलाने में लोकतंत्र का उत्कृष्ट उदाहरण रहा पक्ष-विपक्ष का सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र 2026 के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही की दूसरी पाली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जवाब के साथ ही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस अवसर पर सदन में स्पीकर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट, जिसकी कुल राशि एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए है। यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पीकर ने अपने समापन संबोधन में कहा कि 18 फरवरी 2026 से लेकर 18 मार्च 2026 तक संचालित इस बजट सत्र में 17 कार्य दिवस रहा और यह सत्र 19 मार्च तक प्रस्तावित था। लेकिन 14 मार्च को अवकाश के दिन सदन का कार्य किया गया, इसलिए एक दिन पूर्व आज ही सत्र समापन हो गया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 242 अल्पसूचित प्रश्न स्वीकृत किए गए, जिनमें से 62 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिए गए। इसी प्रकार कुल 758 तारांकित प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 57 प्रश्नों का उत्तर सदन में दिया गया। ध्यानाकर्षण सूचनाओं की बात करें तो कुल 72 ध्यानाकर्षण सूचनाएं ली गई, जिनमें से 55 का उत्तर सदन में दिया गया। इस सत्र के दौरान कुल 96 निवेदन प्राप्त हुए। शून्यकाल की सूचनाएं कुल 400 स्वीकृत हुई।

**निर्धारित समय से लगभग 112 प्रतिशत तक चला सदन**

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में दो महत्वपूर्ण वित्तीय विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान सदन की कार्यक्षमता भी उल्लेखनीय रही। जहां इस सत्र के लिए कुल 66 घंटे का समय निर्धारित किया गया था, वहीं सदन ने कुल पौने 74 घंटे काम किया, जो निर्धारित कार्य का लगभग 112 प्रतिशत है। सदन में सभी सदस्य सत्तापक्ष हों या विपक्ष, सदन की कार्यवाही को गरिमा, संयम और सहयोग की भावना से संचालित करने में योगदान दिया, वह लोकतांत्रिक परम्पराओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।

स्पीकर ने कहा कि झारखंड राज्य एक युवा और अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। इस सत्र के दौरान जो चर्चाएं, निर्णय और विधेयक पारित हुए हैं, वे निश्चित रूप से राज्य के विकास को नई दिशा देंगे।

## जगराहा डैम पर सरकार लाएगी नई योजना, बिजली विभाग में जल्द होगी भर्ती

**रांची।** रांची में चल रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को चंदवा स्थित जगराहा डैम का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठा। इस दौरान जल संसाधन विभाग की नई योजना की महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। जमशेदपुर पूर्व से विधायक सरयू राय ने डैम की वर्तमान स्थिति को लेकर सरकार से कई सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि टोरी रेलवे स्टेशन (चंदवा) के पास एक प्राकृतिक भूगर्भ जल स्रोत है, जहां से निरंतर स्वच्छ पानी निकलता है और करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित जगराहा डैम में जाकर जमा होता है। उन्होंने कहा कि यह डैम चंदवा क्षेत्र में जलापूर्ति और मत्स्य पालन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में डैम में प्लास्टिक, गाद, जलकुंभी और कचरे का जमाव बढ़ गया है, जिससे इसकी गहराई घट रही है और जलमार्ग संकरा होता जा रहा है। सरयू राय ने यह भी बताया कि डैम की सिंचाई क्षमता लगभग दो हेक्टेयर है और यह आसपास के क्षेत्र के भूजल स्तर को संतुलित रखने में भी मदद करता है। उन्होंने डैम में पानी लाने वाले नाले की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की। इस पर जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा कि यह डैम निजी जमीन (राजा की संपत्ति) में आता है, इसलिए विभाग सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा समग्र शिक्षा अभियान**
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाष: (06541) 253924

पत्रांक 433 | इमेल–chatrajepc@ymail.com | दिनांक 14.03.2026

**जिला स्तरीय पुस्तक मेला संबंधी आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झा0शि0प0प0, राँची झारखण्ड के पत्रांक–1223 दिनांक 13.03.2026 के आलोक मे राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत प्रारंभिक/माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षा के छात्र–छात्राएं/शिक्षकों हेतु पुस्तक मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें छात्रोपयोगी पुस्तकों का प्रकाशकों द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। उक्त पुस्तक मेला मे भाग लेने हेतु ईच्छुक प्रकाशक दिनांक 21.03.2026 तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, चतरा प्रखण्ड परिसर के नजदीक कार्यालय के इ–मेल **chatrajepc@ymail.com** पर सहमति पत्र समर्पित कर सकते है। इस संबंध में अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उक्त सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झा0शि0प0, चतरा।

PR 375474 Jharkhand Education Project Council(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(अनावद्ध मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/55/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of PHULO JHANO CANTEEN, cont. of COMMON TOILET and MISCELLANEOUS WORK at Samaharnalay Campus Under Latehar District. | 1702000 | 34100 | 5000 | 2.5 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 19.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.03.2026 से दिनांक 02.04.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–04.04.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.375430 Rural Development(25-26):D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।**
(अभियंत्रण कोषांग)
(Email-id: zplohardaga@gmail.com)

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा संख्या – 08/2025–26(DE) दिनांक 17.03.2026

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | किस्को | ग्राम खरकी बाला टोली पथ में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 2288300.00 | 5000.00 | 45800.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | किस्को | ग्राम कसियाडीह माटा के पास पथ में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 1278000.00 | 2500.00 | 25600.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | वार्ड नं0 21 में धनप्यारी यावद के घर से रुकमणी देवी के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 1338500.00 | 2500.00 | 26800.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | कुडू | कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय कुडू में छात्राओ के लिए शौचालय निर्माण | 2477500.00 | 5000.00 | 49600.00 | 04(चार) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.03.2026/10:00 बजे पूर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 01.04.2026/02:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 02.04.2026/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
3. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग लेंगे।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 375427 (Lohardaga) 25-26 (D)



**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (2nd Call)
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–14/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 18.03.2026

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया के ग्राम बारा में सरना स्थल चबुतरा से अखरा होते हुए तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 63,17,900 /- | 02 (Two) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24/03/2026 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 07/04/2026 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 08/04/2026 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 375537 Building(25-26).D



**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा**

-: आम सूचना :-

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 54 रा0 (वि0) दिनांक 11.03.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा, जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत विभागीय संकल्प संख्या 452 दिनांक 18–06–2021 द्वारा निर्धारित प्रावधान एवं संकल्प संख्या 1158 दिनांक 23–09–2022 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 54 रा0 (वि0) दिनांक 11.03.2026 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा से संचालित होने वाली योजना के लिए चतरा जिला को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् भेंड़ पालन की नई योजना का विवरण निम्नप्रकार है –

| क्र0 | योजना का नाम | कुल लागत | लागू सब्सिडी (सरकारी अनुदान) | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% (अनुसूचित जाति / जनजाति /असहाय विधवा औरतों / दिव्यांग / निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 75% (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) | 10% (अनुसूचित जाति / जनजाति /असहाय विधवा औरतों / दिव्यांग / निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 25% (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) |
| 1 | भेड़ पालन की योजना (8+2) | 49600.00 | 44640.00 | 37200.00 | 4960.00 | 12400.00 |

नोट :–
1) विभागीय संकल्प ज्ञापांक 452 दिनांक 18.06.2021 द्वारा निर्धारित प्रावधान एवं संकल्प ज्ञापांक 1158 दिनांक 23.09.2022 द्वारा संशोधित प्रावधानों के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का क्रियांवयन किया जायेगा।
2) मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत लक्ष्य से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची संबंधित कार्यालय द्वारा तैयार किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष में भी लाभुकों को लाभान्वित कराया जा सकेगा।
3) विगत पॉच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS / NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा एवं इस योजनान्तर्गत भेंड़–भेंड़ी योजना का लाभ पूर्व में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अन्य योजनाओं (यथा बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन की योजना) में से किसी भी योजना का लाभ प्राप्त लाभुकों को नहीं दी जाएगी।
4) मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account संबंधित DAHO / DDDO इत्यादि के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप (जिला स्तरीय चयन समिति) से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही संबंधित जिला के पदाधिकारी अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित करेंगे। तत्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
5) योजनान्तर्गत पशु के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
6) योजना में आवेदन करने हेतु अपने प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 375448 Animal Husbandry (25-26)_D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार**

–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0– 54 रा0 (वि0) दिनांक– 11.03.2026 द्वारा **"भेंड़ पालन योजना"** की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 75% अनुदान पर | 90% अनुदान पर | कुल | 75% अनुदान | 90% अनुदान |
| 1 | भेंड़ पालन योजना (8+2) | 49,600/- | 13 | 14 | 27 | 37,200/- | 44,640/- |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–**

- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/ अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–
  - (i.) ग्राम प्रधान
  - (ii.) मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर)
  - (iii.) JMF का प्रतिनिधि
  - (iv.) दुग्ध मित्र।
- लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति दोनों में से कोई एक द्वारा किया जायेगा।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/ दिव्यांगता/ विधवा/ 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/ पंचायत समिति सदस्य/ जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/ आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना अनिवार्य होगा।
- योजनान्तर्गत पशु पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत् है :–
  - (i.) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/ शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
  - (ii.) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
  - (iii.) GeM Portal से।
  - (iv.) NDDB से।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत विगत पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरान्त दिया जाएगा।
- यह कार्यक्रम ए0 पी0 एल0/ बी0 पी0 एल0 वर्ग के सभी महिला–पुरूष लाभुकों/ स्वयं सहायता समूह/ सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है।
- योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी0 पी0 एल0 कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- इस योजना के तहत् अनुसूचित जाति/ जनजाति/ असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/ निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष हो, के लिए अनुदान वास्तविक लागत का 90% तथा अन्य सभी लाभुकों को 75% अनुदान पर देय होगा।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/ प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/ पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में दिनांक– 22.03.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :– **अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय/ प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 375512 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

# लीजेंड्स के बीच पहचान मिलना बेहद खास: गिल



## इंग्लैंड सीरीज में शानदार प्रदर्शन बना अवॉर्ड की वजह

1. वेस्टइंडीज और एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन
2. 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 983 रन बनाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे और टेस्ट फॉर्मेट के कप्तान शुभमन गिल को हाल ही में बीसीसीआई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'नमन अवॉर्ड्स' में बेस्ट इंटरनेशनल क्रिकेटर (पुरुष) के लिए प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शुभमन गिल ने सम्मान के लिए बीसीसीआई का आभार जताते हुए कहा कि पूर्व में इस सम्मान को हासिल कर चुके कुछ लेजेंड्स और आदर्श खिलाड़ियों के बीच सम्मानित होने से यह उपलब्धि और भी खास हो गई। बीसीसीआई द्वारा एक्स पर साझा की गई वीडियो में शुभमन गिल ने कहा, "उन लेजेंड्स और आइडल्स के बीच पहचान मिलना बहुत अच्छा लगता है जिन्होंने मुझसे पहले यह अवॉर्ड जीता है। यह सच में एक बहुत बड़ा सम्मान है जब आप हर बार मैदान पर उतरते हैं और अपने देश का उस खेल में प्रतिनिधित्व करते हैं। उस खेल में अच्छा करना और बीसीसीआई से पहचान मिलना बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल की इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को याद करते हुए गिल ने कहा, "मुझे लगता है कि यह अब तक का एक शानदार सफर रहा है। इंग्लैंड सीरीज में जाना और पहले टेस्ट मैच के बाद जहा हम थे, वहां से सीरीज ड्रॉ कराना, और उसके बाद भी, वेस्टइंडीज और एशिया कप में खेलना, यह सच में एक शानदार साल रहा है।" गिल को ये पुरस्कार मिलने में इंग्लैंड दौरे का अहम रोल रहा था। इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की दस पारियों में उन्होंने 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक निकले थे। सर्वाधिक स्कोर 269 रहा था। गिल 2025 में नौ मैचों में 70.21 की औसत से 983 रन बनाकर टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। गिल ने कहा कि भारतीय टीम को भविष्य में श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ जरूरी सीरीज खेलनी हैं, जिससे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें तय हो सकती हैं। टीम अभी नौ मैचों में चार जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे नंबर पर है। फाइनल के लिए हमें ज्यादातर मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान ने टीम के सपोर्ट स्टाफ, जिसमें हेड कोच गौतम गंभीर के साथ-साथ बड़ी कोचिंग यूनिट और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के स्टाफ शामिल हैं, को भारतीय टीम को श्रेष्ठ और निडर टीम बनाने का श्रेय दिया। शुभमन गिल ने बीसीसीआई और मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह (पूर्व बीसीसीआई सचिव) से मिले सहयोग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, "बीसीसीआई, खासकर जय भाई और अन्य अधिकारियों से हमें जो सहयोग मिला है, वह बहुत अच्छा रहा है। हमारे क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो पहल की हैं, उनसे हमें सच में बहुत मदद मिली है। जब मैं घायल हुआ, तब भी ट्रेनिंग, अभ्यास और सुविधाओं ने प्रदर्शन में बहुत बड़ा रोल निभाया। गिल ने कहा, "हम चाहते हैं कि हमें, खासकर रेड-बॉल क्रिकेट में, एक ऐसी टीम के तौर पर देखा जाए जो आसानी से हार नहीं मानती। हम सभी खिलाड़ियों में ऐसा कैरेक्टर डालना चाहते हैं।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया



**एजेंसी । ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, "यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता।

## रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में

# मैनचेस्टर सिटी को हराया, पीएसजी, आर्सेनल और स्पोर्टिंग सीपी भी अंतिम-8 में पहुंचीं



**एजेंसी । नई दिल्ली**

15 बार की चैंपियन रियल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। प्री क्वार्टरफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उसी के घर में हराकर अंतिम-8 में जगह बना ली हैं। मैड्रिड के अलावा आर्सनल, पेरिस सेंट-जर्मेन और स्पोर्टिंग सीपी ने भी क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया है। इस राउंड के सबसे बड़े उलटफेर में स्पोर्टिंग सीपी ने पहले लेग में 0-3 से पिछड़ने के बाद दूसरे लेग में बोडो ग्लिम्ट को 5-0 से रौंदकर शानदार वापसी की। रियल मैड्रिड ने सिटी को 2-1 से हराया, ओवरऑल स्कोर 5-1 रहा मैनचेस्टर के एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड ने सिटी को 2-1 से मात दी। एग्रीगेट (दोनों मैचों का कुल स्कोर) के आधार पर मैड्रिड ने 5-1 से जीत दर्ज की। मैच के 20वें मिनट में सिटी के बर्नाडो सिल्वा को हैंडबॉल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। 22वें मिनट में विनीशियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मैड्रिड को बढ़त दिलाई। 41वें मिनट में अर्लिंग हालैंड ने गोल कर सिटी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन एक्स्ट्रा टाइम में विनीशियस के दूसरे गोल ने सिटी का सफर खत्म कर दिया।

## मोरक्को को एएफकॉन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया

- अफ्रीकी फुटबॉल फेडरेशन ने सेनेगल की जीत रद्द की मैच के बीच मैदान छोड़ाना गलत माना



**नई दिल्ली** । मोरक्को को एएफकॉन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल ने सेनेगल की 1-0 की जीत को रद्द कर दिया है। यह फैसला 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच के दौरान हुए विवाद के बाद लिया गया है। दरअसल, मैच के आखिरी समय में सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के एक फैसले के विरोध में मैदान छोड़ दिया था,जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया है। क्या था विवाद 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर था। स्टॉपेज टाइम (इंजुरी टाइम) में रेफरी ने मेजबान मोरक्को के पक्ष में एक पेनल्टी दी। इस फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी नाराज हो गए और विरोध स्वरूप मैदान से बाहर चले गए। करीब 17 मिनट तक खेल रुका रहा। बाद में खिलाड़ी वापस लौटे, मोरक्को के ब्राहिम डियाज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल के पापे गुये ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी थी। मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन ने मैच के नतीजों को लेकर सीएएफ की अपील कमेटी में चुनौती दी थी। सीएएफ ने अपनी जांच में पाया कि सेनेगल ने एएफकॉन रेगुलेशन के आर्टिकल 82 का उल्लंघन किया है।

# खिलाड़ियों के बीच खेल किट बांटकर डीसी ने बढ़ाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**




**साहेबगंज।** साहेबगंज में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया गया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त हेमंत सती ने खिलाड़ियों को जूता, मोजा, टोपी, एथलेटिक्स किट, टी-शर्ट, ट्रैक सूट और बैग प्रदान किए। इस दौरान सिद्धो-कान्हु स्टेडियम स्थित बालक आवासीय एथलेटिक्स केंद्र, डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स केंद्र तथा सकरीगली के +2 बी.डी. उच्च विद्यालय में संचालित डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स केंद्र के कुल 75 प्रशिक्षुओं को लाभ मिला। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास कर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक साहनी सहित अन्य पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## मुझे ड्रॉप करने का फैसला सही था, वापसी के लिए तैयार रहना चाहता हूं: ओली पोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि एशेज 2025-26 के दौरान खराब प्रदर्शन की वजह से टीम से बाहर किए जाने के बावजूद उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में वापसी की पूरी उम्मीद है। ओली पोप ने कहा, "टीम से बाहर होना आसान नहीं होता, लेकिन उस समय यह सही फैसला था। मुझे पता था कि मैं कहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, "अगर मैं प्लेइंग इलेवन में नहीं हूं, तो मुझे यह साबित करना होगा कि मैं देश का सबसे अच्छा बल्लेबाज बन सकता हूं। मैं अपने खेल को बेहतर बनाकर तैयार रहना चाहता हूं। पोप ने कहा कि उनका लक्ष्य अपने खेल को अगले स्तर तक ले जाना है ताकि मौका मिलने पर वह खुद को सर्वश्रेष्ठ विकल्प साबित कर सकें। पोप को इंग्लैंड टेस्ट टीम की उपकप्तानी भी गंवानी पड़ी। उनकी जगह ये भूमिका अब हैरी ब्रूक निभा रहे हैं।

# आईपीएल 2026 : संजू सैमसन बड़ी उपलब्धि के करीब एमएस धोनी के खास क्लब में हो सकती है एंट्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



टी20 विश्व कप 2026 में संजू सैमसन भारतीय टीम के लिए सबसे बड़े हीरो के रूप में उभरे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले में नाबाद 97, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89, और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन बनाकर सैमसन ने भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। सैमसन की नजर अब आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन पर है। संजू सैमसन ने विश्व कप में बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। उनका यही फॉर्म बरकरार रहा तो आईपीएल 2026 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। यह उपलब्धि विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सिर्फ एमएस धोनी के नाम हैं।

एमएस धोनी आईपीएल इतिहास के एकमात्र ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं जिनके नाम 5,000 या उससे ज्यादा रन हैं। धोनी ने 2008 से 2025 के बीच 278 मैचों की 242 पारियों में 24 अर्धशतक की मदद से 5,439 बनाए हैं। केएल राहुल के 5,000 से ऊपर रन हैं, लेकिन उन्होंने आईपीएल करियर में हर मैच में बतौर विकेटकीपर नहीं खेला है। संजू आईपीएल में 5,000 रन पूरा करने और धोनी के विशेष क्लब में शामिल होने के बेहद करीब है। सैमसन ने 2013 से 2025 के बीच 177 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक लगाते हुए 4,704 रन बनाए हैं। 296 रन बनाते ही लीग में उनके 5,000 रन पूरे हो जाएंगे, और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज होंगे। आगामी सीजन में लीग में 5,000 रन पूरे करना और धोनी के क्लब में शामिल होना सैमसन के लिए विशेष होगा।

## रायगढ़ स्टेडियम में 19 मार्च से शुरू होगा एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9

**एजेंसी । रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के टेनिस बॉल क्रिकेट के प्रेमियों के लिए इंतजार की घड़ियाँ अब खत्म होने वाली हैं। 19 मार्च से एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9 अपने पूरे वैभव और भव्यता के साथ लौटने के लिए तैयार है। यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अपनी किस्मत और हुनर को आजमाने का एक महामंच है। कार्डिनल कप आयोजन समिति ने प्रेसवार्ता में टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से बताया। टूर्नामेंट नॉक आउट सिस्टम से खेला जाएगा। जिसमें कुल 32 मैच होंगे। हर दिन चार मैच होंगे और हर मैच 8-8 ओवर का होगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएंगे। प्रशासन 11 और पत्रकार 11 के मैच से टूर्नामेंट का उद्घाटन होगा।सीजन 9 की तैयारियों को लेकर आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस बार मैदान की सजावट, पिच की गुणवत्ता और प्रकाश व्यवस्था को पिछले सभी आठ सीजनों से बेहतर बनाया गया है। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शिरकत कर रही हैं।



# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33,660 करोड़ रुपए की 'भव्य' योजना को दी मंजूरी

## बनेंगे 100 औद्योगिक पार्क, पैदा होंगी लाखों नौकरियां

**एजेंसी । नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य योजना) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत 33,660 करोड़ रुपए की लागत से देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को तेज करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है, जिससे देश की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ेगी और भारत की आर्थिक वृद्धि को नई रफ्तार मिलेगी। यह योजना नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम (एनआईसीडीपी) के तहत बने इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मॉडल की सफलता पर आधारित है, जिसे राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से लागू किया जाएगा।

'भव्य' योजना में व्यापार करने में आसानी पर खास जोर दिया गया है। इसके तहत मंजूरी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा, सिंगल विंडो सिस्टम लागू होगा और निवेशकों के लिए अनुकूल सुधार किए जाएंगे। इस योजना के तहत ऐसे इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे जहां उद्योगों को पहले से तैयार जमीन, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और सभी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी, जिससे कंपनियां जल्दी काम शुरू कर सकेंगी। इन इंडस्ट्रियल पार्क का आकार 100 से 1,000 एकड़ तक होगा।

सरकार इनके विकास के लिए प्रति एकड़ 1 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता देगी। इसमें सड़कों, बिजली-पानी, ड्रेनेज, आईटी सिस्टम, फैक्ट्री शेड, वेयरहाउस और टेस्टिंग लैब जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, योजना के तहत वर्कर्स के लिए आवास और अन्य सामाजिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## कैबिनेट का बड़ा फैसला : स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए 2,584 करोड़ की योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को लघु जलविद्युत परियोजनाओं (स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट्स-एसएचपी) को बढ़ावा देने के लिए 2,584.60 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी। 'स्मॉल हाइड्रो पावर (एसएचपी) डेवलपमेंट स्कीम' को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू किया जाएगा। इसके तहत 1 से 25 मेगावाट क्षमता वाले प्रोजेक्ट्स देश के अलग-अलग राज्यों में लगाए जाएंगे, जिससे खासकर पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा, जहां इस तरह की परियोजनाओं की ज्यादा संभावनाएं हैं। इस योजना से प्रोजेक्ट निर्माण के दौरान करीब 51 लाख मानव-दिवस रोजगार पैदा होंगे। इसके अलावा, इन प्रोजेक्ट्स के संचालन और रखरखाव में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे, क्योंकि ये ज्यादातर ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बनाए जाएंगे। पूर्वोत्तर राज्यों और अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले जिलों में प्रोजेक्ट्स के लिए केंद्र सरकार 3.6 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट या परियोजना लागत का 30 प्रतिशत (जो भी कम हो) तक सहायता देगी, जिसमें प्रति प्रोजेक्ट अधिकतम सीमा 30 करोड़ रुपए होगी। वहीं, अन्य राज्यों में 2.4 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट या परियोजना लागत का 20 प्रतिशत (जो भी कम हो) सहायता दी जाएगी, जिसमें अधिकतम सीमा 20 करोड़ रुपए प्रति प्रोजेक्ट तय की गई है।

## तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 633 अंक उछला

**मुंबई** । हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आईटी और रियल्टी शेयरों के समर्थन से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। इस दौरान, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत या 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.83 प्रतिशत या 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने जहां Open :76,367.55 पर खुलकर 77,000.22 के उच्चतम स्तर को छुआ, वहीं निफ्टी ने 23,632.90 पर खुलकर 23,862.25 का उच्चतम स्तर छुआ। बुधवार के सत्र में भी समग्र बाजार में तेजी देखने को मिली।

## भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा कर रही है

**नई दिल्ली** । भारत में बेरोजगारी दर फरवरी में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई है, जो यह दिखाता है कि देश में नौकरी मिलने की रफ्तार में सुधार हो रहा है। अब रोजगार के अवसर सिर्फ कुछ बड़े शहरों या चुनिंदा सेक्टर तक सीमित नहीं रह गए हैं। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, फरवरी में मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, रिटेल, लॉजिस्टिक्स और कृषि जैसे कई सेक्टर में रोजगार बढ़ा है। सरकार द्वारा बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर किया जा रहा खर्च और कारोबार में बढ़ता भरोसा अब वास्तविक नौकरी के अवसरों में तब्दील होता दिख रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे कार्यक्रमों के तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के प्रयास रंग लाते दिख रहे हैं।

# कपास किसानों के लिए खुशखबरी, कैबिनेट ने सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपए के एमएसपी फंड को मंजूरी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने कपास सीजन 2023-24 के लिए कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) को 1,718.56 करोड़ रुपए के फंड को मंजूरी दी है। इस फंड का उद्देश्य देशभर के कपास किसानों को प्रत्यक्ष मूल्य समर्थन प्रदान करना है। 2023-24 के कपास सीजन के दौरान, अनुमानित कपास की खेती का क्षेत्रफल 114.47 लाख हेक्टेयर था, और उत्पादन 325.22 लाख गांठ रहने का अनुमान था, जो वैश्विक कपास उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है।

सीसीईए के अनुसार, एमएसपी को कपास किसानों के हितों की रक्षा के लिए निर्धारित किया जाता है, विशेष रूप से उन अवधियों के दौरान जब बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाते हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया, "ये उपाय कपास की कीमतों को स्थिर करने, मजबूरी में बिक्री रोकने और किसानों को लाभकारी प्रतिफल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि बाजारों में समावेशिता बढ़ाकर, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के संचालन से कपास उत्पादक समुदायों की आर्थिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। बयान में आगे कहा गया है कि कपास भारत की सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसलों में से एक है, जो लगभग 6 लाख किसानों की आजीविका का आधार है।